This model represents a baby caring bed, which is specially designed to provide comfort to infants. The bed can be folded and be placed in car or bus. It has space to keep necessary things for baby care like milk bottle, toys, diapers, etc. It also has an airbag box, which safeguards the baby during travel. An alarm system is installed in the bed, which rings every time the baby wets the bed. The bed is also provided with a heating system to keep the baby warm and comfortable all the time. The bed is made up of plywood and iron rods.

## 19.2.1

## अंडे सेने की लघु मशीन

विद्यार्थी : लौरेम्बम अबिनाश मेइतेई

शिक्षक : थिंगुजम गोबिन सिंह

विद्यालय : रुडा अकादमी, थौबल, मणिपुर-795138

### संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श में कम अथवा बिना लागत की अंडे सेने की मशीन बनाने की विधि को प्रदर्शित किया गया है। इस मशीन की उच्च दक्षता है तथा यह गरीब किसानों के लिए बहुत उपयोगी है।

## Mini Incubator

Student : Lourembam Abinash Meitei

Teacher : Thingujam Gobin Singh

School : Ruda Academy, Thoubal, Manipur-795138

### Synopsis

This exhibit demonstrates the low cost or no cost construction of incubator suitable for hatching eggs with high efficiency. The design is suitable for poor farmers.

## 19.2.2

## *उष्मागति के अनुप्रयोग से बहुउद्देशीय हीटर तथा जल शीतलक का निर्माण*

विद्यार्थी : इराशिनी लैफ्रकपाम

शिक्षक : हेमम बबीता देवी

विद्यालय : द डिलिजेंट पब्लिक स्कूल, मोइरंग, मणिपुर-795133

### *संक्षिप्त विवरण*

इस प्रदर्श में बहुउद्देशीय यंत्र के डिज़ाइन को प्रस्तुत किया है। यह प्रदर्श एक साथ खाना पकाने, पानी को उबालने तथा कपड़ों को सुखाने का कार्य कर सकता है। यहाँ चारकोल ईंधन की तरह प्रयोग होता है तथा शीतलन के लिए फ्रीजिंग मिक्सचर का प्रयोग किया गया है।

## *Multipurpose Heater, Dryer and Water Cooler by Applying Thermodynamics*

Student : Irashini Laiphrakpam

Teacher : Hemam Babita Devi

School : The Diligent Public School, Moirang, Manipur-795133

### *Synopsis*

This project presents the design of a multipurpose device. This device enables sinultaneously cooking, boiling water and drying clothes. Charcoal is used as a fuel and freezing mixture for cooling purpose. This project presents the design of multipurpose device.

23.2.1

## ट्राई-साइकिल फ्लोर क्लीनर

विद्यार्थी : वी. सोनिया

शिक्षक : प्रमोद कुमार महापात्रा

विद्यालय : इम्फाल कैम्पस हाई स्कूल, थेरूबली, रायगढ़, ओडिशा-765018

### संक्षिप्त विवरण

यह एक फ्लोर क्लीनर का कार्यकारी मॉडल है जिसमें झाड़ू एवं स्पंज पोछा लगा होता है। फ़र्श को रोगाणुओं से मुक्त करने के लिए इसमें सौर ऊर्जा से चार्ज होने वाली बैटरी द्वारा निस्संक्रामक द्रव को फैलाने की व्यवस्था होती है।

## *Tri-cycle Floor Cleaner*

Student : V. Sonia

Teacher : Pramod Kumar Mohapatro

School : IMFAL Campus High School, Therubali, Rayagada, Odisha-765018

### *Synopsis*

This is a working model of floor cleaner in which a broom and sponge wiper are fixed on a tricycle. To make the floor germ-free, there is an arrangement of releasing disinfectant liquid by a battery, which may be charged using solar energy.

26.2.1

## इको-सैन शौचालय

विद्यार्थी : रिंगज़ुम लेप्चा, रिंकिला भूटिया

विद्यालय : एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, स्वाएम, उत्तरी सिक्किम-737116

### संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल दर्शाता है कि ग्रामीण और शहरी स्थापना में मानव अपशिष्ट का उत्पादक तरीके से कैसे उपयोग किया जा सकता है। शौचालय में तीन अलग-अलग छेद होते हैं। एक मल पदार्थों को इकट्ठा करने के लिए, जो सड़ने के बाद जैविक खेती के लिए खाद के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरा टैंक मूत्र संग्रह के लिए है, इन टैंकों में सौर पैनल मूत्र को गर्म करने और हानिकारक रोगजनकों को हटाने के लिए लगाए गये हैं, जो उपचार के बाद सिंचाई प्रक्रिया के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। तीसरा छेद स्व-सफ़ाई में इस्तेमाल होने वाले पानी को इकट्ठा करता है जिसका इस्तेमाल फूलों को पानी देने में किया जा सकता है।

## *Eco-san Toilet*

Student : Ringzum Lepcha, Rinkila Bhutia

School : Eklavya Model Residential School, Swayem, North Sikkim-737116

### *Synopsis*

This model represents how human waste can be used in a productive way in rural and urban settings. These toilets consist of three different holes, one for collecting faecal matter, which after decompostion can be used as manure for organic cultivation, the second hole for collecting urine in a tank, which has solar panels to heat up the urine and remove harmful pathogens, and after further treatment this urine can be used for irrigation purposes. The third hole collects water used for self-cleaning, which can be used for watering flowers.

## 26.2.2

## स्वचालित सैनिटाइजिंग युक्ति

विद्यार्थी : सरस्वती बिस्वास, सारा अंगामी पुचो, श्रिया छेत्री

शिक्षक : अवकाश खरेली

विद्यालय : गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल,
थारपू, पश्चिम सिक्किम-737121

### संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्श प्रोग्रामित अरुडिनो इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म पर आधारित है। इसे कमरों, रास्तों, अस्पतालों एवं कार्यालयों के लिए पोर्टेबल स्वच्छता यंत्र के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।

## Automatic Sanitizing Device

Student : Saraswati Biswas,
Sarah Angami Puccho, Shriya Chettri

Teacher : Awakash Kharel

School : Govt. Senior Secondary School,
Tharpu, West Sikkim-737121

### Synopsis

The exhibit is based on a programmed Arduino electronic system. This can act as a portable sanitising device especially useful for sanitizing rooms, passages, hospitals and offices.

28.2.1

## सोशल डिस्टेंसिंग अलार्म

## Social Distancing Alarm

विद्यार्थी : चौ. निखिला

शिक्षक : के. वेणुगोपाल चरी

विद्यालय : जेड.पी.एच.एस., कोथागट्टू, शंकरपट्टनम, करीमनगर, तेलंगाना-505490

Student : Ch. Nikhila

Teacher : K. Venugopala Chary

School : ZPHS, Kothagattu, Shankarapatnam, Karimnagar, Telangana-505490

### संक्षिप्त विवरण

यह परियोजना एक स्मार्ट निगरानी प्रणाली को प्रदर्शित करती है जो अल्ट्रासोनिक सेंसर पर कार्य करती है जिसमें एक कॉम्पैक्ट और कम लागत वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का एक नया स्मार्ट पहनने योग्य प्रोटोटाइप शामिल है, यह लोगों के बीच सामाजिक दूरी (सामाजिक दूरी) का अनुमान लगाने के लिए कार्य करती है। सक्रिय इंफ्रारेड सेंसर 6 फीट की दूरी के भीतर किसी भी व्यक्ति की पहचान करता है और बजर ध्वनि के द्वारा व्यक्ति को सचेत करता है।

### Synopsis

This project demonstrates a smart monitoring system working on ultrasonic sensor consisting of a new smart wearable prototype of a compact and low-cost electronic device based on human detection and proximity distance functions to estimate the social distance. The active infrared sensor identifies any person within 6 feet distance and the buzzer sound alerts the person.

28.2.2

# फसल रक्षक

# Crop Protector

विद्यार्थी : एम.के. फैज़ान

शिक्षक : पी. शोभा रानी

विद्यालय : जेड.पी.एच.एस., गुम्मादीडाला, संगारेड्डी, तेलंगाना-502313

## संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्शन किसानों की फसलों को उन जंगली जानवरों और पक्षियों से बचाने में मदद करने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करता है, जो मूल्यवान फसलों को नुकसान पहुँचाते हैं। इस मॉडल में जानवरों या पक्षियों का पता लगाने के लिए एक सेंसर का उपयोग किया गया है। स्वचालित रूप से पता लगाने के बाद घंटी बजेगी और लाल बत्ती चालू हो जाएगी।

Student : Sk. Faizan

Teacher : P. Shobha Rani

School : ZPHS, Gummadidala, Sangareddy, Telangana-502313

## Synopsis

This exhibit uses solar power to help the farmers to save the fields from wild animals and birds that damage. This model includes a sensor, which automatically rings upon detecting birds or animals and turns on red lights.

29.2.1

## स्वचालित धुलाई वाला शौचालय

विद्यार्थी : निपा मित्रा, प्रणमी देबनाथ

शिक्षक : मानस चक्रवर्ती

विद्यालय : खोवाई गवर्नमेंट गर्ल्स एच.एस. स्कूल, खोवाई, त्रिपुरा-799201

### संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्शन एक कम लागत वाला, नवोन्मेषी और पर्यावरण के अनुकूल मॉडल है जो स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करता है और सार्वजनिक शौचालय प्रणाली में बिजली और पानी की बचत करता है। स्वचालित धुलाई वाले शौचालय उपयोगकर्ता द्वारा पैर पायदान पर रखते ही स्वचालित रूप से पानी की आवश्यक मात्रा से साफ़ हो जाते हैं।

## Auto-washable Toilet

Student : Nipa Mitra, Pranami Debnath

Teacher : Manas Chakraborty

School : Khowai Government Girls' H.S. School, Khowai, Tripura-799201

### Synopsis

This exhibit is a low-cost, innovative and eco-friendly model, which ensures health and hygiene and saves power and water in public toilet system. Auto-washable toilets are automatically cleaned with required amount of water that starts flowing down the pan as soon as a user steps on the foot vase.

34.2.1

## मच्छर मारने और मच्छर डराने वाली सौर ऊर्जा संचालित मशीन

विद्यार्थी : योगेश कुमार, अमित कुमार

शिक्षक : रवि जायसवाल, जसबीर सिंह सैनी, सरबजीत सिंह, जसप्रीत सिंह

विद्यालय : गवर्नमेंट हाई स्कूल, मलोया कॉलोनी, चंडीगढ़-160025

### संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्शन विभिन्न तकनीकों पर आधारित है जिनका उपयोग मच्छरों के प्रजनन को रोकने और उन्हें हमसे दूर रखने के लिए किया जा सकता है। सौर मच्छर नाशक मशीन रुके हुए पानी में एक निश्चित समय के बाद हवा के बुलबुले और कंपन पैदा करती है। मच्छर भगाने वाला उपकरण 31000 हर्ट्ज का ध्वनि कंपन उत्पन्न करता है जो मच्छरों के तंत्रिका तंत्र को परेशान करने वाला प्रभाव पैदा करता है और वे उस जगह से दूर रहते हैं। हर्बल मच्छर निरोधक नीम के पत्तों, कपूर, पुदीना, दालचीनी के तेल के हर्बल अर्क का उपयोग करके तैयार किया गया घोल है।

## Solar Mosquito Killer and Mosquito Scare

Student : Yogesh Kumar, Amit Kumar

Teacher : Ravi Jaiswal, Jasbir Singh Saini, Sarabjit Singh, Jaspreet Singh

School : Government High School, Maloya Colony, Chandigarh-160025

### Synopsis

This exhibit is based on various techniques that can be employed to stop breeding of mosquitoes and keeping them away from us. Solar Mosquito Killer produces air bubbles and vibrations after a certain interval of time in stagnant water. Mosquito Scare Device produces sound vibrations of 31000 Hz, which has a disturbing affect on the nervous system of mosquitoes and they stay away from the place. Herbal Mosquito Repellent is made of herbal neem extracts camphor, mint, cinnamon oil.

36.2.1

## बहुउद्देशीय कचरा संग्रहक

## Multipurpose Garbage Collector

विद्यार्थी : प्राची, यशस्वी सैनी
शिक्षक : सोनिका राठी, ऋतु
विद्यालय : गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जेजे कॉलोनी-II नांगलोई दिल्ली-110041

### संक्षिप्त विवरण

"स्वच्छ भारत" के सिद्धांत वाक्य को आगे बढ़ाते हुए, यह बहुउद्देशीय प्रदर्शन कचरा इकट्ठा करेगा, प्रदूषित हवा को शुद्ध करेगा और फ़र्श को साफ़ करेगा। भूमि और वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए यह वर्किंग मॉडल बाहर से लगातार चूसती हवा के सिद्धांत पर काम करता है जो वैक्यूम क्लीनर की तरह एक वैक्यूम बनाता है। यह कार्डबोर्ड, होज़ पाइप, ड्रम, पीवीसी पाइप, डीसी मोटर, बैटरी और कनेक्टिंग वायर से बना होता है।

Student : Prachi, Yashasvi Saini
Teacher : Sonika Rathee, Ritu
School : Government Girls Sr. Secondary School, JJ Colony-II, Nangloi, Delhi-110041

### Synopsis

Taking forward the "Swachh Bharat" motto, this exhibit is multipurpose, which involves collecting garbage, purifying polluted air and sweeping the floor. To tackle the problem of land and air pollution, this model works on the principle of air continuously sucked from outside. That creates a vacuum like a vacuum cleaner. It is made up of cardboard, hose pipe, drums, PVC pipes, DC motor, batteries and connecting wires.

36.2.2

## इको फ्रेंडली टॉयलेट वैन

विद्यार्थी : सलोनी, अर्पित

शिक्षक : आरती नांगिया

विद्यालय : एस. (को-एड) एस.एस.एस. मुनिरका गाँव, स्कूल आईडी: 1719125 जे.एन.यू. मेन गेट के सामने, नयी दिल्ली-110067

### संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच और सीवेज निपटान की समस्या से निपटने में मदद करेगा। यह रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलने और बायोगैस के उत्पादन के सिद्धांत पर आधारित है। शौचालय से जुड़ा बायोगैस संयंत्र शौचालय से सीधे पाइप के माध्यम से मल पदार्थ प्राप्त करता है और बायोगैस उत्पादित करता है। उत्पादित बायोगैस का उपयोग रसोई में किया जा सकता है, जबकि मूत्रालय से एकत्रित मूत्र का उपयोग विद्युत उत्पादन के लिए इलेक्ट्रोलाइट के रूप में किया जा सकता है।

## *Eco-friendly Toilet Van*

Student : Saloni, Arpit

Teacher : Arti Nangia

School : S (Co-Ed) SSS Munirka Village, School Id: 1719125 Opp. JNU Main Gate New Delhi-110067

### *Synopsis*

This model helps to tackle the problem of open defecation and sewage disposal, especially in rural areas. It is based on the principle of conversion of chemical energy into electrical energy and production of biogas. A toilet linked biogas plant receives faecal matter directly from the toilet through a pipe. The biogas, thus, produced can be used in kitchen, whereas urine collected from the urinal can be used as electrolyte to produce electricity.

36.2.3

## गार्ब-टेक

विद्यार्थी : शिवम यादव, दीपांशु, समृद्धि

शिक्षक : शैलेंद्र सोनी, ज्योति भारद्वाज

विद्यालय : राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, सेक्टर 19, द्वारका, दिल्ली-110075

### संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्शन प्लाज्मा पायरोलिसिस तकनीक के सिद्धांत पर आधारित है। हमारे कचरे का लगभग 60% बायोडिग्रेडेबल है जिसे खाद में बदला जा सकता है और जैविक खेती में इस्तेमाल किया जा सकता है, बाकी 40% प्लास्टिक कचरा होता है जिसे प्लाज्मा पायरोलिसिस का उपयोग करके कम किया जा सकता है। इसमें प्लास्टिक उच्च तापमान के तहत विघटित हो जाता है और गैस पैदा करता है जो कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन का मिश्रण होता है, यह गैस पानी के स्क्रबर में जाती है और ठंडी हो जाती है, फिर गैस दूसरे कक्ष में गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा शुद्ध होती है और जनरेटर तक पहुँचती है और बिजली पैदा करती है या सीधे थर्मल पावर में जाती है।

## Garb-Tech

Student : Shivam Yadav, Deepanshu, Samridhi

Teacher : Shailendra Sony, Jyoti Bhardwaj

School : Rajkiya Pratibha Vikas Vidyalaya, Sector 19, Dwarka, Delhi-110075

### Synopsis

This exhibit is based on the principle of plasma pyrolysis technique. About 60% of our waste is biodegradable, which can be converted to manure and used for organic farming, the rest 40% is plastic waste that can be reduced using plasma pyrolysis. In this process plastic decomposes under high temperature and produces gas, which is a mixture of carbon monoxide and hydrogen, this gas moves towards the water scrubber and cools down, then the gas purifies by gravitational force in another chamber and reaches to generator and produces electricity or directly goes to thermal power.

37.2.1

## कम लागत में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला पोषण: पोषण का एक वैकल्पिक स्रोत

विद्यार्थी : शाहला शिरीन के.
शिक्षक : लिबनाबी एम.के.
विद्यालय : गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मिनिकॉय, लक्षद्वीप-682559

### संक्षिप्त विवरण

यह परियोजना आसानी से उपलब्ध सामग्री का उपयोग करके रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ावा देने वाले स्वदेशी कम लागत के पौष्टिक औषधीय भोजन को प्रदर्शित करती है। इन खाद्य पदार्थों के कई उपयोग हैं जैसे कि यह रक्तचाप, शर्करा के स्तर को बनाए रखने, कैंसर के खतरे को कम करने, याद्दाश्त और सीखने को बढ़ावा देने, दृष्टि में सुधार और रोग प्रतिरोधक शक्ति को समग्र रूप से बढ़ावा देने में मदद करता है।

## Low-cost Immunity Boosting Nutrition Food: An Alternative Source of Nutrition

Student : Shahla Shirin K
Teacher : Libnabi M K
School : Government Senior Secondary School, Minicoy, Lakshadweep-682559

### Synopsis

This project demonstrates indigenous low-cost immunity boosting nutritious medicinal food using easily available ingredients. Such foods help in maintaining blood pressure, sugar levels, reduces risk of cancer, boosts memory and learning, improves vision and improves immunity.

44.2.1

## 2 इन 1 सेफ टॉयलेट क्लीनर

## 2-in-1 Safe Toilet Cleaner

विद्यार्थी : तेनज़िन रिनचेन, तेनज़िन फेनथोक

शिक्षक : यांगज़ोम, छोजिन ल्हामो

विद्यालय : तिब्बती चिल्ड्रन विलेज स्कूल, सेलाकुई, देहरादून, उत्तराखंड-248001

### संक्षिप्त विवरण

प्रस्तुत मॉडल में शौचालय साफ़ करने के लिए संक्षारक रसायनों के स्थान पर प्राकृतिक पदार्थों का प्रयोग किया गया है। यहाँ सफ़ाई करने वाले द्रव को फैलाने के लिए नवाचारी ब्रश विकसित किया गया है।

Student : Tenzin Rinchen, Tenzin Phenthok

Teacher : Yangzom, Choezin Lhamo

School : Tibetan Children's Village School, Selakui, Dehradun, ttarakhand-248001

### Synopsis

In the present model, natural substances have been used as cleansing liquid in place of corrosive chemicals. Here, brush is also innovatively made for release of cleansing liquid.

3

# सॉफ्टवेयर और ऐप्स

# Software and Apps

3.3.1

## प्रकाश के माध्यम से डेटा का स्थानांतरण


विद्यार्थी : शिबम दास

शिक्षक : अर्पिता दास

विद्यालय : पी.सी. बरजालेंगा हायर सेकेंडरी स्कूल, उडरबोंड, कछार, असम-788030


### संक्षिप्त विवरण


साधारण और सस्ते इंस्ट्रूमेंटेशन का उपयोग करते हुए, इस प्रदर्श में लाई-फाई (लाइट फिडेलिटी) तंत्र का उपयोग करके डेटा को स्थानांतरित करने की एक विधि प्रदर्शित की गई है। स्रोत से प्रकाश एन्कोडेड (या मॉड्यूलेटेड) सिग्नल को प्राप्त करने के लिए सोलर सेल के एक पैनल का उपयोग किया जाता है। डेटा को पुनः प्राप्त करने के लिए प्राप्त सिग्नल को सरल इलेक्ट्रॉनिक सर्किट में फीड किया जाता है। इस प्रदर्श में इस वायरलेस तकनीक का उपयोग करके ऑडियो सिग्नलों का स्थानांतरण दर्शाया गया है।


## *Transfer of Data through Light*


Student : Shibam Das

Teacher : Arpita Das

School : P.C. Barjalenga Higher Secondary School, Udharbond, Cachar, Assam-788030


### *Synopsis*


Using simple and inexpensive instrumentation, a method of transferring the data using Li-Fi (Light Fidelity) mechanism is demonstrated in this exhibit. A panel of solar cells is used to receive the light encoded (or modulated) signal from the source. The received signal is fed to a simple electronic circuit to retrieve the data. In this exhibit the audio signals are transported using this wireless technique.

4.3.1

## घर स्वचालन

## Home Automation

विद्यार्थी : श्रियांस सुधि

शिक्षक : गुंजेश कुमार

विद्यालय : डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, मालीघाट, मुजफ्फरपुर, बिहार-842002

### संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श में घरेलू उपकरणों के स्वत: बंद या चालू होने की समस्या का समाधान किया गया है। पायथन प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का उपयोग करते हुए, हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज (HTML) में एक यूजर इंटरफेस (UI) विकसित किया गया है और एक साधारण मोबाइल ऐप डिज़ाइन किया गया है। इसलिए इस प्रोग्राम का उपयोग करने के लिए केवल एक वेब ब्राउज़र की आवश्यकता होती है। इस मोबाइल ऐप का उपयोग कर इलेक्ट्रिक फिलामेंट हीटर की स्विचिंग को प्रदर्शित किया गया है। हालाँकि दावे के मुताबिक इससे किसी भी गैजेट को आसानी से संचालित किया जा सकता है।

Student : Shriyans Sudhi

Teacher : Gunjesh Kumar

School : D.A.V. Public School, Malighat, Muzaffarpur, Bihar-842002

### Synopsis

The problem of automatic switching OFF or ON of the domestic gadgets is addressed in this exhibit. Using Python Programming Language, a user interface (UI) has been developed in hypertext markup language (HTML). And a simple mobile app is designed. It, therefore, only needs a web browser to use the program. Switching of an electric filament heater using the mobile app is demonstrated. However, any gadget can be easily operated, as claimed.

4.3.2

## समाधान हब

विद्यार्थी : देवराज पोद्दार

शिक्षक : निरेंद्र प्रकाश सिंह

विद्यालय : डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, मीराचक इंडस्ट्रियल एस्टेट बरारी, भागलपुर, बिहार-812003

### संक्षिप्त विवरण

शिक्षार्थियों को शब्दकोश, नोट्स बनाने, टू डू लिस्ट तैयार करने आदि जैसे कई संसाधनों का उपयोग करने में मदद करने के लिए एक सरल मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप का उपयोग क्षेत्रफल और परिधि निर्धारित करने जैसी गणनाओं; साधारण ब्याज की गणना; हानि या लाभ की गणना आदि को करने के लिए भी किया जा सकता है। इसका उपयोग एक साधारण कैलकुलेटर के रूप में भी किया जा सकता है। यह एंड्राइड ऐप HTML, CSS और JAVAscript का उपयोग करके विकसित किया गया है।

## Solution Hub

Student : Devraj Poddar

Teacher : Nirender Prakash Singh

School : D.A.V. Public School, Meerachak Industrial Estate Barari, Bhagalpur, Bihar-812003

### Synopsis

A simple mobile app is devised to help learners to use multiple resources, such as Dictionary, Notes Preparation, To Do List, etc. This app can also be used to make simple calculations, for determining area and perimeter; calculating simple interest; loss or profit calculations, etc. This can also be used as a simple calculator as well. This Android App is developed using pure HTML, CSS and JAVAscript.

4.3.3

## एआई के साथ एंटी फॉग व्हीकल डिटेक्शन एंड आइडेंटिफिकेशन

विद्यार्थी : प्रदीव सिंह

शिक्षक : राकेश कुमार

विद्यालय : डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, दरभंगा रोड बखरी, मुजफ्फरपुर, बिहार-843103

### संक्षिप्त विवरण

कोहरे के मौसम में सड़कों पर वाहनों और अन्य चीज़ों का पता लगाने के लिए एक इंफ्रारेड सक्षम कैमरा-आधारित डिवाइस की कार्यप्रणाली को समझाया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए इस एंटी-फॉग डिवाइस को और मजबूत किया गया है। इस मॉडल की कार्यविधि इंफ्रारेड और लिडार (LIDAR) सेंसर इमेजिंग विधियों के सिद्धांतों पर आधारित है। यह घने कोहरे, जहाँ दृश्यता बहुत-बहुत क्षीण हो, की स्थिति में भी सड़कों और वाहनों आदि की छवि प्रदान कर सकता है। वाहनों और यहाँ तक कि हेलमेट में भी ऐसी प्रणालियों के संभावित उपयोग के बारे में बताया गया है।

## Anti-fog Vehicle Detection and Identification with A.I

Student : Pradiv Singh

Teacher : Rakesh Kumar

School : D.A.V. Public School, Darbhanga Road Bakhari, Muzaffarpur, Bihar-843103

### Synopsis

The working of an infrared enabled camera-based device is explained to detect the vehicles and other things on the roads during the foggy seasons. Using the artificial intelligence (AI) systems, this anti-fog device is further strengthened. The working of this model is based on the principles of infrared and LIDAR sensor imaging methods. It can provide the image of the road and vehicles, etc., on the road even in a situation of dense fog, where the visibility is poor. Prospective use of such systems in vehicles and even in helmets are also explained.

9.3.1

## संकेत नियंत्रण रोबोट

## Gesture Control Robot

विद्यार्थी : चौधरी मुबीरा शाहबुद्दीन, मथाकिया तस्कीनबानू इल्मुद्दीन

शिक्षक : गोपानी भरत धीरजलाल

विद्यालय : श्री तिथवा हाई स्कूल, तिथवा वांकानेर, मोरबी, गुजरात-363621

### संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श में आर्डुइनो (AURDUINO) डिवाइस पर आधारित एक रोबोट के कार्य करने की व्याख्या की गयी है। इस रोबोट को संकेतों से नियंत्रित किया जा सकता है और इसलिए इसे दूर से भी संचालित किया जा सकता है। इस जेस्चर नियंत्रित रोबोट के अलावा, एक रेडियो आवृत्ति रिमोट रोबोट, एक ब्लूटूथ रिमोट रोबोट और एक ऑब्जेक्ट डिटेक्शन रोबोट के कार्य को भी दर्शाया गया है।

Student : Chaudhari Mubira Shahbudin, Mathakiya Taskinbanu Ilmudin

Teacher : Gopani Bharat Dhirajlal

School : Shree Tithava High School, Tithava Wankaner, Morbi, Gujarat-363621

### Synopsis

This exhibit explains the working of a robot that uses an AURDUINO device. This robot can be controlled through gestures, and, therefore, can also be operated remotely. Besides this gesture-controlled robot, the working of a radio frequency remote robot, a bluetooth remote robot, and an object detection robot are also explained.

## 10.3.1

## एडुस्क्वाडियो (*Edusquadio*)

विद्यार्थी : हर्ष के. पाठक

शिक्षक : रजनी बाला

विद्यालय : गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुशांत लोक, गुरुग्राम, हरियाणा-122009

### संक्षिप्त विवरण

ऑनलाइन कक्षाओं (प्रस्तुतीकरणों) में उपयोग के लिए एक अभिनव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। इस ऐप का कोड HTML, CSS और JavaScript में लिखा गया है। इस सॉफ्टवेयर के उपयोगों में आगामी घटनाओं, संदर्भों, रिकॉर्डिंग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना भी शामिल है।

## *Edusquadio*

Student : Harsh K Pathak

Teacher : Rajni Bala

School : Govt Model Sanskriti Sr Sec School Sushant Lok, Gurugram, Haryana-122009

### Synopsis

An innovative video conferencing software to be used for online classes (presentations has been developed. The code of this app is written in HTML, CSS and JavaScript. This software also provides the details of on upcoming events, references, recordings, etc.

10.3.2

## ऑनलाइन परीक्षा और अध्ययन पोर्टल

विद्यार्थी : परविंदर सिंह

शिक्षक : जगमोहन सिंह

विद्यालय : गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंजोखरा साहिब, अंबाला, हरियाणा-134007

### संक्षिप्त विवरण

PHP, HTML, JavaScript और sequential query language (SQL) का उपयोग करते हुए, इस प्रदर्श में ऑन-लाइन क्विज़, परीक्षण या परीक्षा आयोजित करने के लिए एक सॉफ्टवेयर प्रदर्शित किया गया है। इस सॉफ्टवेयर का उपयोग अंकों की ग्रेडिंग और फ़ीडबैक प्रदान करने में भी किया जा सकता है।

## Online Exam and Study Portal

Student : Parvinder Singh

Teacher : Jagmohan Singh

School : Government Senior Secondary School Panjokhra Saahib, Ambala, Haryana-134007

### Synopsis

Using the PHP, HTML, JavaScript and sequential query language (SQL), a software for conducting online quizzes, tests or examinations is demonstrated in this exhibit. This software may also be used in grading the scores and in providing feedback.

## 10.3.3

# कार रेसिंग

विद्यार्थी : मनप्रीत

शिक्षक : अरुण कुमार, कुणाल वाधवा, श्याम सुंदर

विद्यालय : जी.एस.एस.एस. टोहाना (3288), फतेहाबाद, हरियाणा-125120

## संक्षिप्त विवरण

इस कार रेसिंग गेम का उपयोग गणितीय तर्कक्षमता में वृद्धि और मनोरंजन के लिए किया जा सकता है। इस गेम के विकास में प्रयुक्त कोड C++ में लिखा गया है।

# Car Racing

Student : Manpreet

Teacher : Arun Kumar, Kunal Wadhwa, Shyam Sunder

School : GSSS Tohana (3288), Fatehabad, Haryana-125120

## Synopsis

A car racing game that can be used to enhance mathematical reasoning and to provider entertainment is demonstrated. The code used in the development of this game is written in C++.

13.3.1

## C++ में इंद्रधनुष

विद्यार्थी : आकाश सलाम मीर

शिक्षक : अशरफ

विद्यालय : बॉयज मॉडल हायर सेकेंडरी बिजबेहरा, अनंतनाग, कश्मीर

### संक्षिप्त विवरण

“रेनबो इन C++” नाम का यह प्रदर्श C++ भाषा में एक कंप्यूटर प्रोग्राम है। कार्यक्रम का आउटपुट डिस्प्ले स्क्रीन पर एक इंद्रधनुष है। इसी प्रोग्रामिंग पद्धति का उपयोग करके अन्य डिज़ाइन भी बनाए जा सकते हैं। इन डिज़ाइनों का उपयोग सजावट के लिए किया जा सकता है और विभिन्न आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित किया जा सकता है। इसलिए यह सजावट पर खर्च होने वाली ऊर्जा और धन की बचत करेगा।

## Rainbow in C++

Student : Aakash Salam Mir

Teacher : Ashraf

School : Boys Model Higher Secondary Bijbehara, Anantnag, Kashmir

### Synopsis

This exhibit named “Rainbow in C++” is a computer program in C++ language. Output of the program is a Rainbow on the display screen. Similarly, other designs can also be made using the same programming method. These designs can be used for decoration and can be customised as per different requirements. Hence, it will save energy and money spent on decorations.

13.3.2

## जी.एस.एम. और इंटरनेट के बिना त्वरित संदेश सेवा


विद्यार्थी : मुनाज़िल रहमान

शिक्षक : बिलाल अहमद नायकू

विद्यालय : गवर्नमेंट हाई स्कूल, हांड्यू शोपियां, ज़ोन इमामसाहिब, शोपियां, कश्मीर


### संक्षिप्त विवरण


यह प्रदर्श दिखाता है कि कैसे मोबाइल से सेलुलर नेटवर्क या इंटरनेट की अनुपस्थिति में भी इलेक्ट्रॉनिक संदेशों को भेजा जा सकता है। यह दो उपकरणों के बीच संचार के लिए ब्लूटूथ का उपयोग करता है। दो उपकरणों के बीच संबंध स्थापित होने के बाद संदेशों का आदान-प्रदान किया जा सकता है।

यह संचार चैनल आपातकालीन स्थितियों जैसे आपदाओं के मामले में, बहुत दूरदराज के क्षेत्रों या चिकित्सीय आपात स्थिति में बहुत उपयोगी हो सकता है, जब किसी विशेष क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट उपलब्ध नहीं होता। रेंज को कुछ मीटर से 1000 मीटर तक बढ़ाने के लिए इसमें nRF मॉड्यूल का इस्तेमाल किया गया है।


## Instant Messaging Service without GSM and Internet


Student : Munazil Rehman

Teacher : Bilal Ahmad Naikoo

School : Govt. High School, Handew Shopian, Zone Immamsahib, Shopian, Kashmir


### Synopsis


This exhibit demonstrates how electronic messages can be sent through mobiles even in the absence of a cellular network or Internet. It uses Bluetooth for communication between two devices. Messages can be exchanged once the connection between two devices establishes.

This communication channel can be useful in emergency situations, such as in case of disasters, in remote areas, in a medical emergency when mobile network and Internet are not available in a particular region. For improving the range from a few meters to 1000 meters, the nRF module is used in it.

19.3.1

# हाइड्रोलिक भूलभुलैया

विद्यार्थी : थौदम डेज़ी देवी

शिक्षक : बबीना खांगेम्बम

विद्यालय : सेक्रेड हार्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, पोरोमपत, डी.डी.के., इंफाल के सामने, इंफाल पूर्व, मणिपुर-795005

## संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श में एक हाइड्रोलिक लेबिरिंथ की कार्यप्रणाली को खूबसूरती से समझाया गया है। द्रव यांत्रिकी में प्रसिद्ध पास्कल के नियम का उपयोग करते हुए, एक सरल तथा दिलचस्प खेल तैयार किया गया है जो वांछित स्थानों पर दाब को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया पर आधारित है। इस विचार का उपयोग श्रमिकों को भारी मशीनरी आदि को संभालने के लिए कौशल प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।

# *Hydraulic Labyrinth*

Student : Thoudam Daizy Devi

Teacher : Babeena Khangembam

School : Sacred Heart Hr. Sec. School, Porompat, Opposite DDK, Imphal, Imphal East, Manipur-795005

## *Synopsis*

The working of a hydraulic labyrinth is beautifully explained in this exhibit. Using the famous Pascal's law in fluid mechanics, a simple game is designed, which is based on transferring the pressure at desired locations. The idea can be used to provide skills to workers for handling heavy machinery, etc.

19.3.2

## *लाई-फाई (Li-Fi) — लाइट-आधारित वाई-फाई*

विद्यार्थी : शेख युशा अली

शिक्षक : इरोम राजेन सिंह

विद्यालय : स्टैंडर्ड रोबर्थ हायर सेकेंडरी स्कूल, कांचीपुर, इंफाल पश्चिम, मणिपुर-795003

### *संक्षिप्त विवरण*

यह प्रदर्श एक नयी लाइट फिडेलिटी वायरलेस सिग्नल ट्रांसमिशन प्रक्रिया की कार्यविधि को प्रदर्शित और व्याख्यायित करता है इस विधि का उपयोग डेटा को वायरलेस तरीके से स्थानांतरित करने के लिए भी किया जा सकता है। सौर पैनलों का उपयोग मॉड्युलेटेड (या एन्कोडेड) विद्युतचुम्बकीय संकेतों को प्राप्त करने के लिए किया जाता है और फिर डेटा को पुनः प्राप्त करने के लिए सरल इलेक्ट्रॉनिक परिपथ में निवेशित किया जाता है। एक ऑडियो फ़ाइल के डेटा स्थानांतरण को इस प्रदर्श में दर्शाया गया है।

## *(Li-Fi) Light — Based Wi-Fi*

Student : Sheikh Yusha Ali

Teacher : Irom Rajen Singh

School : Standard Robarth Higher Sec. School, Canchipur, Imphal West, Manipur-795003

### *Synopsis*

This exhibit demonstrates and explains the working of a novel light fidelity wireless signal transmission process. This method can also be used to transfer the data wirelessly. Solar panels are used to receive the modulated (or encoded) electromagnetic signals and then fed to simple electronic circuitry to retrieve the data. Data transfer of an audio file has been demonstrated.

## 25.3.1

# एम्स: कृषि अभिनव निगरानी व्यवस्था

# AIMS (Agro Innovative Monitoring System)

विद्यार्थी : अंशिका जैन
शिक्षक : घनश्याम शर्मा
विद्यालय : श्री ओसवाल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अलवर बस स्टैंड के पास अग्रसेन मार्ग, अलवर राजस्थान-301001

## संक्षिप्त विवरण

'एम्स' कृषि के लिए एक कार्यकारी मॉडल है। यह मॉडल दर्शाता है कि कैसे किसान घर से अपने खेतों पर आसानी से उर्वरक और पानी के छिड़काव को नियंत्रित कर सकते हैं। इसे एक मोबाइल एप्लिकेशन द्वारा नियंत्रित किया जाता है। इस एप्लिकेशन का उपयोग करके, आर्द्रता, तापमान और मिट्टी की नमी को भी रिकॉर्ड किया जा सकता है। यह एप्लिकेशन किसानों को अपना समय और पैसा बचाने में मदद करता है जिसका उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इस प्रणाली के काम करने के निर्देश 'ब्लिंक' एप्लिकेशन के माध्यम से दिए गए हैं।

Student : Anshika Jain
Teacher : Ghanshyam Sharma
School : Sh. Oswal Jain Sr. Sec. School, Alwar Near bus stand, Agrasen Marg Alwar Rajasthan-301001

## Synopsis

'AIMS' is a working model for agriculture. This model demonstrates how farmers can easily control sprinkling of fertilisers and water on their farms from home. It is controlled by mobile application. Using this application, the humidity, temperature and moisture of the soil can also be recorded. This application helps the farmers in saving their time and money, which can be used for other purposes. The commands for the working of this system are given through the 'Blink' application.

28.3.1

# जलनिकास निगरानी व्यवस्था

# Drainage Monitoring System

विद्यार्थी : एन. विक्षिता
शिक्षक : एस. जया प्रसाद
विद्यालय : नोबल हाई स्कूल, संगला, गडवाल, तेलंगाना-509125

## संक्षिप्त विवरण

यह कार्यकारी प्रदर्श एक जलनिकास निगरानी प्रणाली को प्रदर्शित करता है। यह वास्तविक समय स्थिति पर जलनिकास से संबंधित विभिन्न मापदंडों जैसे कि ज़हरीली गैसों की उपस्थिति, जल निकासी पाइप के अंदर का तापमान, जल निकासी पाइप में घुमावों की संख्या आदि के बारे में बता सकता है।

इस प्रणाली द्वारा प्रदान की गई जानकारी उन श्रमिकों के लिए बहुत उपयोगी होगी जो जल निकासी कक्ष या पाइप में काम करने वाले हैं। इसके उपयोग से जल निकासी कक्ष या पाइप में ज़हरीली गैसों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इस मॉडल में विभिन्न प्रकार के सेंसर जैसे तापमान सेंसर, गैस सेंसर, फ्लोटिंग सेंसर आदि का उपयोग किया गया है।

Student : N Vikshitha
Teacher : S. Jaya Prasad
School : Noble High School, Sangala, Gadwal, Telangana-509125

## Synopsis

This working model demonstrates a drainage monitoring system. It can tell about the real-time status of various parameters, such as presence of hazardous gases, temperature inside the drainage pipe, number of turns in the drainage pipe, etc.

The information provided by this system will be useful for the workers who are about to start work in the drainage chamber or pipe. This can be used for preventing accidents caused due to hazardous gases in the drainage system. Different types of sensors like temperature sensor, gas sensor, floating sensor, etc., have been used in this model.

28.3.2

# न्यूट्रिस्कैन

विद्यार्थी : के. कौशिकी

शिक्षक : एस. रमा देवी

विद्यालय : गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लश्कर बाजार हनमकोंडा, (कॉलेज ऑफ़ टीचर एजुकेशन के बगल में), तेलंगाना-506001

## संक्षिप्त विवरण

यह एंड्रॉइड एप्लिकेशन 'न्यूट्रिस्कैन' जावा स्क्रिप्ट के 'जोटफॉर्म' और 'टिडबिट' की मदद से बनाया गया है। यह एप्लिकेशन विशेष रूप से कुपोषण से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान करने के लिए बनाया गया है ताकि उन व्यक्तियों के लिए उचित आहार की योजना बनाई जा सके। इसमें रोगियों के लिए एक पोषण प्रश्नावली है और साथ ही जीभ, आँख आदि की तस्वीरें अपलोड करने के विकल्प हैं। एप्लिकेशन में, प्रदान की गई जानकारियों को प्रसंस्करण करने के बाद, उपयोगकर्ता को एक पोषण सुझाव बॉक्स मिलेगा जिसमें उस व्यक्ति के लक्षणों के आधार पर उपयुक्त भोजन और जीवन शैली की आदतें बतायी गई होंगी।

# Nutriscan

Student : K. Koushiki

Teacher : S. Rama Devi

School : Government Girls High School, Lashkar Bazar Hanamkonda, (Beside College of Teacher Education), Telangana-506001

## Synopsis

This 'Nutriscan' android application is made with the help of 'Jotform' and 'tidbit' of Java script. This application is made specifically to identify the persons affected with malnutrition so that the proper diet for those persons can be planned. There is a nutrition questionnaire for the patients and there are options to upload photos of the tongue, eyes, etc. In the application, after processing the provided information, user will get a nutrition suggestion box containing suitable food and lifestyle habits as per the symptoms.

## 29.3.1

## मेरी (Merry) — आभासी सहायक

विद्यार्थी : शिबम रॉय, देबंकित डे

शिक्षक : संगीता दत्ता

विद्यालय : उमाकांता एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल, शिशु बिहार स्कूल के पास, त्रिपुरा-799001

### संक्षिप्त विवरण

'मेरी' नाम का यह प्रदर्श, पायथन भाषा में विकसित कंप्यूटरों के लिए एक एप्लीकेशन है। यह 'एलेक्सा' और 'गूगल असिस्टेंट' जैसे वर्चुअल असिस्टेंट की तरह है जो कि इंटरनेट कनेक्टिविटी के अभाव में भी काम करता है। इसे बोलकर दिए गए निर्देशों द्वारा भी संचालित किया जा सकता है। इसका उपयोग विभिन्न कंप्यूटर कमांड जैसे संगीत बजाना, स्क्रीन की चमक परिवर्तित करना, ध्वनि को तेज या धीमा करने आदि के लिए किया जा सकता है।

## Merry — the Virtual Assistant

Student : Shibam Roy, Debankit De

Teacher : Sangeeta Dutta

School : Umakanta Academy English Medium School, Near Shishu Bihar School, Tripura-799001

### Synopsis

The exhibit named as 'MERRY', is an application for computers developed in Python language. It is similar to the virtual assistants, such as 'Alexa' and 'Google assistant', that works even in the absence of Internet connectivity. It also works with voice commands. It can be used for various computer commands, such as playing music, changing brightness of the screen, changing volume, etc.

34.3.1

## टेक ड्राइव

## Tech Drive

विद्यार्थी : गुरमिंदर सिंह, वरेश गोयल

शिक्षक : रितु शर्मा

विद्यालय : सेंट जोसेफ़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 44 डी, चंडीगढ़-160047

### संक्षिप्त विवरण

'टेक ड्राइव' प्रदर्श एक इंटरैक्टिव सॉफ्टवेयर है। इसे आर्डुइनो नैनो का उपयोग करके विकसित किया गया है। इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके ब्लूटूथ निर्देशों या हाथ के इशारों के माध्यम से खिलौना कार की गति को नियंत्रित किया जा सकता है। हाथ की गति, मोबाइल से जाइरोस्कोप के डेटा का उपयोग करके उसे वायरलेस तरीके से खिलौना कार तक पहुँचाती है। इन सुविधाओं का उपयोग शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए व्हीलचेयर में भी किया जा सकता है।

Student : Gurminder Singh, Varesh Goyal

Teacher : Ritu Sharma

School : St. Joseph's Senior Secondary School, Sector 44 D, Chandigarh-160047

### Synopsis

Tech Drive exhibit is an interactive software. This has been developed using the Arduino nano. Using this software, the motion of the toy car can be monitored through Bluetooth commands or hand gestures. Hand movement uses the data of the gyroscope from mobile and transmits them to the toy car wirelessly. These features can also be used in wheelchairs for physically challenged persons.

36.3.1

## सह-सहायता

## Co-Help App

विद्यार्थी : दक्ष गुप्ता, लक्षित मुकुल, गीतांश मल्होत्रा

शिक्षक : रत्ना डे, विनीता बग्गा

विद्यालय : श्री वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-18 द्वारका, दिल्ली-110078

### संक्षिप्त विवरण

यह 'सह-सहायता' एप्लिकेशन सहजज्ञ है और 'रिएक्ट नेटिव' प्रोग्रामिंग भाषा का उपयोग करके बनाया गया है जो एक बहु-संचालन सॉफ्टवेयर भाषा है। यह एप्लिकेशन कोविड-19 से संबंधित जानकारी के लिए सहायक है जिसमे प्रयुक्त जानकारियाँ डब्ल्यू.एच.ओ., यूनिसेफ, वर्ल्डोमीटर (Worldometer) आदि जैसे प्रामाणिक स्रोतों से ली गई हैं। यह ऐप उपयोगकर्ता को अपने लक्षणों को इनपुट के रूप में देने की सुविधा देता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे वायरस से संक्रमित हैं या नहीं। इस एप्लिकेशन में खुद को वायरस से बचने के उपाय वीडियो के माध्यम से बताये गए है। एप्लिकेशन में जानकारी को पढ़ने के अलावा बिल्ट-इन वॉयस फीचर की मदद से सुना भी जा सकता है।

Student : Daksh Gupta, Lakshit Mukul, Geetansh Malhotra

Teacher : Ratna De, Vineeta Bagga

School : Sri Venkateshwar International School, Sector-18 Dwarka, Delhi-110078

### Synopsis

This 'Co-Help' Application is intuitive and created using 'React Native' programming language, which is a multi-operational software language. This application is helpful for COVID-19 related information, which is taken from authentic sources, such as WHO, UNICEF, Worldometer, etc. This app allows the user to input their symptoms to get an idea of whether they are infected with the virus or not. In this application, precautionary measures have been conveyed through the video. The information in the application can also be listened to with the help of a built-in voice feature apart from reading.

# इजी लर्न

# Easy Learn

विद्यार्थी : मोहम्मद उमर आलम

शिक्षक : अरुण श्रीवास्तव

विद्यालय : गवर्नमेंट बॉयज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री पार्क दिल्ली-110053

## संक्षिप्त विवरण

'इजी लर्न' नाम के इस एप्लिकेशन को मॉब इजी सॉफ्टवेयर द्वारा बनाया गया है। इस एप्लिकेशन में 1 से 12 तक की कक्षाओं का उल्लेख करने वाला एक होम पेज है। इसमें कक्षा और अध्याय के अनुसार यूट्यूब वीडियो के URL (लिंक) जोड़े गए हैं। यह हर विद्यार्थी के लिए नि:शुल्क है। विभिन्न विषयों और कक्षाओं से संबंधित विभिन्न वीडियो संसाधनों के लिंक एक ही स्थान पर सुव्यवस्थित रूप से व्यवस्थित किए गए हैं। इससे विद्यार्थियों के समय की बचत होती है जो आमतौर पर विभिन्न स्थानों से आवश्यक संसाधनों को खोजने और एकत्र करने में बर्बाद होता था।

Student : Mohd. Umar Alam

Teacher : Arun Srivasatava

School : Govt. Boys Sr. Sec. School, Shastri Park, Delhi-110053

## Synopsis

This application named as "Easy Learn" is made by "Mob Easy" software. This application has a home page mentioning the classes from 1 to 12. The URLs (links) of YouTube videos according to the class and chapter have been added. This is free of cost for every student. Links to different video resources related to different subjects and classes have been arranged systematically in one place thereby saving time of students, which is usually wasted on searching and collecting the required resources from different locations.

36.3.3

## लाई-फाई (Li-Fi) तकनीक

विद्यार्थी : ऋषभ कुमार झा, तनिश सहगल, अभिषेक कुमार

शिक्षक : सुशील कुमार

विद्यालय : गवर्नमेंट सर्वोदय को-एड विद्यालय नजफगढ़, नयी दिल्ली-110043

### संक्षिप्त विवरण

प्रकाश उत्सर्जक डायोड (LED) के माध्यम से डेटा संचारित करने के एक लाइट-फिडेलिटी (Li-Fi) तंत्र की इस प्रदर्श में व्याख्या की गयी है। एक परिवर्तनीय बिजली आपूर्ति के माध्यम से प्रकाश की तीव्रता में परिवर्तन द्वारा सिग्नल को मॉड्यूलित किया जा सकता है। इस प्रकार प्राप्त संकेत जब एक फोटो-डायोड पर आपतित होते हैं, तो सूचना को प्रस्तुत करने के लिए इसे प्रवर्धित और डीकोड किया जा सकता है। इस तरह के तंत्र का उपयोग कार्यक्रमों की लाइव स्ट्रीमिंग आदि में भी किया जा सकता है।

## Li-Fi Technology

Student : Rishabh Kumar Jha, Tanish Sehgal, Abhishek Kumar

Teacher : Sushil Kumar

School : Govt. Sarvodaya Co-ed Vidyalaya, Najafgarh, New Delhi-110043

### Synopsis

A light-fidelity (Li-Fi) mechanism of transmitting the data through a light emitting diode is explained in this exhibit. The variation in the intensity of light regulated by means of a variable power supply modulates the signal. Thus, the obtained signal when falls on a photo-diode can be amplified and decoded to present the information. Such mechanisms can also be used in live streaming of programmes, etc.

44.3.1

## स्टोरी एक्सप्लोरिंग प्रोग्राम

विद्यार्थी : रमन बोधी

शिक्षक : तेनज़िन समदुप

विद्यालय : तिब्बती चिल्ड्रन विलेज स्कूल, बाइलाकुप्पे, बाइलाकुप्पे, मैसूरु कर्नाटक-571104

### संक्षिप्त विवरण

कहानियों को पढ़ते समय पारस्परिक अंतर्क्रिया को बढ़ाने के लिए इस प्रदर्श में पाइथन भाषा में लिखे गए एक कोड की व्याख्या की गयी है। यह कोड पाठ्य सामग्री में दिए गए निर्देशों के अनुसार वीडियो, ऑडियो और एनिमेशन चलाने में सक्षम है।

## Story Exploring Program

Student : Raman Bodh

Teacher : Tenzin Samdup

School : Tibetan Children's Village School Bylakuppe, Mysore Karnataka-571104

### Synopsis

A code written in Python language is explained in this exhibit to enhance interaction while reading stories. This code is capable enough to drive videos, audios, and animations as per the instructions given in text.

4

# परिवहन

# Transport

1.4.1

## एडल्ला भरम दिनचिंधी (सराधी)

विद्यार्थी : डी. लक्ष्मी दुर्गा

शिक्षक : एम. राम कृष्ण

विद्यालय : जेड.पी. हाई स्कूल कालीडिंडी, कृष्णा, आंध्र प्रदेश

### संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्शनी बैलों के लिए चिकना और लचीला पैड प्रस्तुत करती है ताकि उनकी गर्दन पर पारंपरिक जुए लगाने के कारण होने वाले दर्द को कम किया जा सके और उनकी दक्षता बढ़ायी जा सके। इन पैड को विशेष सूती कपड़े का उपयोग करके बनाया जाता है ताकि वे बैलों की गर्दन पर कोई घाव न करें।

## Edlla Bharam Dinchindhi (Saradhi)

Student : D. Lakshmi Durga

Teacher : M. Rama Krishna

School : Z.P.High School Kalidindi, Krishna, Andhra Pradesh

### Synopsis

This exhibit presents smooth and stretchable pads for oxen so that pain caused by putting traditional yoke on their neck can be minimised and their efficiency can be increased. These pads are made using special cotton cloth so that they do not cause any wound on the neck of oxen.

1.4.2

# रोबो रेल

# Robo Rail

विद्यार्थी : सिम्हाद्रि गौरीश

शिक्षक : वी. श्रीनिवास

विद्यालय : मोंटेसरी इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल, विद्यानगर, आंध्र प्रदेश

## संक्षिप्त विवरण

पर्यावरणीय यह अनुकूल मॉडल अल्ट्रा सोनिक सेंसर का उपयोग करके रेलवे ट्रैक भविष्यवाणी प्रणाली को प्रदर्शित करता है। जब भी ट्रैक टूटेगा, सेंसर संदेश भेजेगा और मोबाइल पर एक लिंक भेजा जाएगा। लिंक पर क्लिक करने पर ट्रैक के चटकने का स्थान गूगल मैप पर खुल जाएगा।

Student : Simhadri Gourish

Teacher : V. Srinivas

School : Montessori English Medium High School, Vidyanagar, Andhra Pradesh

## Synopsis

This eco-friendly model demonstrates a railway track prediction system using ultra sonic sensor. Whenever the track breaks, the sensor will send a message and a link will be sent to the mobile. On clicking the link, Google map will show the fractured track.

3.4.1

# दुर्घटना मुक्त स्मार्ट कार

विद्यार्थी : इलियास हुसैन

शिक्षक : मुक्तासिदुज़ ज़मान आज़ाद

विद्यालय : फतेंगापारा हाई स्कूल, लखीपुर, गोलपारा, असम-783129

## संक्षिप्त विवरण

इस मॉडल का उद्देश्य एक दुर्घटना मुक्त स्मार्ट कार विकसित करना है जो दुर्घटनाओं से बचाव कर सके और एक सुरक्षित परिवहन प्रणाली का निर्माण कर सके। मॉडल में ड्राइवर को जगाए रखने के लिए अलार्म के साथ एक आई स्कैनर कैमरा, ओवरटेकिंग का पता लगाने के लिए एक राइट साइड व्यू मूवेबल कैमरा सेंसर, हाथों के उपयोग के बिना ड्राइविंग को रोकने के लिए एक स्टीयरिंग अलार्म और कार के सामने एक सेंसर होता है जो विपरीत दिशा से आने वाली कार की हेडलाइट से होने वाली गड़बड़ी से बचाता है।

# Accident-free Smart Car

Student : Elias Hussain

Teacher : Moktasiduz Zaman Azad

School : Fatengapara High School, Lakhipur, Goalpara, Assam-783129

## Synopsis

The aim of this model is to develop an accident free smart car, which can protect from accidents and create a safe transport system. The model consists of an eye scanner camera with an alarm to keep the driver awake, a right side view movable camera sensor to detect overtaking, a steering alarm to avoid hand-free driving and a sensor in front of the car to avoid the disturbance due to headlight of the opposite car.

## 4.4.1

# तीखे मोड़ पर सड़क सुरक्षा

विद्यार्थी : आस्था केजरीवाल

शिक्षक : सौरभ सुमन

विद्यालय : एल.एन.एल.एन. प्रोजेक्ट गर्ल्स हाइट स्कूल, त्रिवेनीगंज, सुपौल, बिहार-852139

## संक्षिप्त विवरण

प्रदर्श का उद्देश्य एक ऐसा मॉडल विकसित करना है जो तीखे मोड़ पर दुर्घटनाओं को रोकता है। इसमें एक सेंसर होता है जो सड़कों के तीखे मोड़ पर वाहन की उपस्थिति की चेतावनी देता है। यह वाहन चालकों को सचेत करता है और सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकता है।

# Prevent Accidents at Sharp Turns

Student : Aashta Kejriwal

Teacher : Saurabh Suman

School : L.N.L.N. Project Girls High School, Triveniganj, Supaul, Bihar-852139

## Synopsis

The exhibit aims to develop a model that prevents accidents at sharp turns. It consists of a sensor that alarms the presence of a vehicle at the sharp turns of the roads. This alerts the vehicle drivers and prevents accidents on the roads.

4.4.2

## लेविन टॉय | Levin Toy

विद्यार्थी : रोहित ठाकुर

शिक्षक : प्रकाश कुमार

विद्यालय : मदर टेरेसा विद्यापीठ, मनिका बिशुनपुर चंद, मुजफ्फरपुर, बिहार-843119

### संक्षिप्त विवरण

यह इको-फ्रेंडली इलेक्ट्रिक कार तरंग तकनीक के सिद्धांत पर काम करती है। इसमें एक आर्डुइनो आधारित सर्किट होता है जिसे वॉइस कमांड का उपयोग करके ब्लूटूथ के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है। इस इलेक्ट्रिक कार को घरेलू बिजली के सॉकेट का उपयोग करके चार्ज किया जा सकता है और इसके लिए किसी ईंधन स्टेशन की आवश्यकता नहीं होती है। यह डीज़ल और पेट्रोल कारों की तुलना में पर्यावरण के अधिक अनुकूल है।

Student : Rohit Thakur

Teacher : Prakash Kumar

School : Mother Teresa Vidyapeeth, Manika Bishunpur Chand, Muzaffarpur, Bihar-843119

### Synopsis

This eco-friendly electric car works on the principle of wave technology. It consists of an Arduino-based circuit that is controlled through Bluetooth using voice command. This electric car can be charged with the household electricity sockets and do not need any fuel stations. It is environment friendly as compared to diesel and petrol cars.

8.4.1

# रोड टर्न अलार्म सिस्टम

# Road Turn Alarm System


विद्यार्थी : रोहित एस. प्रजापति

शिक्षक : संजना नौसो शेट्टी

विद्यालय : गवर्नमेंट हाई स्कूल, होंडा, सत्तारी, गोवा-403505


## संक्षिप्त विवरण


मॉडल विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में तीखे मोड़ के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक रोड टर्न अलार्म सिस्टम प्रस्तुत करता है। इस मॉडल में सेंसर के एक तरफ से इंफ्रारेड का एक बीम भेजा जाता है और दूसरी तरफ एक रिसीवर होता है जो प्रकाश का पता लगाता है और उसी के अनुसार बजर को चालू करता है। इससे लोगों को यह जानने में मदद मिलेगी कि कोई वाहन आ रहा है और वे अपने वाहन को धीमा कर देंगे, जिससे दुर्घटनाएँ रुकेंगी।



Student : Rohit S. Prajapati

Teacher : Sanjana Nauso Shetye

School : Government High School, Honda, Sattari, Goa-403505


## Synopsis


The model presents a road turn alarm system to prevent accidents caused due to sharp turns especially in hilly areas. In this model a beam of Infrared is sent from one side of the sensor while on the other side there is a receiver, which detects the light and accordingly turns the buzzer on. This will help the people to know that there is a vehicle coming and they will slow down their vehicle, which will prevent the accidents.

8.4.2

# भारतीय सेना के लिए विस्फोटक वाहन डिटेक्टर

विद्यार्थी : तनिष्का जी. शेत रायकर

विद्यालय : श्री दामोदर हायर सेकेंडरी स्कूल ऑफ साइंस, मडगांव, गोवा-433601

## संक्षिप्त विवरण

मॉडल एक स्वचालित सुरक्षा बाधा दीवार को प्रदर्शित करता है जिसे बिना अनुमति के निषिद्ध क्षेत्रों में किसी भी वाहन के प्रवेश को रोकने के लिए सैनिक अड्डे और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थापित किया जा सकता है।

# *Explosive Vehicle Detector for Indian Army*

Student: Tanishka G. Shet Raikar

School : Shree Damodar Higher Secondary School of Science, Margao, Goa-433601

## *Synopsis*

The model demonstrates an automatic security barrier wall, which can be installed at defence bases and other important areas to prevent the entry of any vehicle in the prohibited areas without permission.

9.4.1

# हाइड्रोजन ईंधन इंजन

विद्यार्थी : डांगर स्वाति समतभाई, चंद्रवाडिया निकिता जयेशभाई
शिक्षक : संजय कांतिलाल परमार
विद्यालय : राजकीय माध्यमिक विद्यालय, कदबल, जामजोधपुर, जामनगर, गुजरात-360530

## संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श का उद्देश्य वाहन के इंजन में भंडारण के बिना पानी के इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा पर्यावरण के अनुकूल हाइड्रोजन गैस ईंधन का उत्पादन करना है। यह रासायनिक ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदलने के सिद्धांत पर आधारित है। हाइड्रोजन गैस के दहन से किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं फैलता है।

# *Hydrogen Fuel Engine*

Student : Dangar Swati Samatbhai, Chandravadia Nikita Jayeshbhai
Teacher : Sanjay Kantilal Parmar
School : Government Secondary School, Kadbal, Jamjodhpur, Jamnagar Gujarat-360530

## Synopsis

The exhibit aims to produce environment friendly hydrogen gas fuel by electrolysis of water without storing it in vehicle engine. It is based on the principle of converting chemical energy into mechanical energy. The combustion of hydrogen gas does not spread any kind of pollution.

9.4.2

## सौर साइकिल

विद्यार्थी : शाह नील प्रद्युम्न, रावल ध्रुव नरेशभाई

शिक्षक : संतोषकुमार जे. कौशिक

विद्यालय : जेनिथ हाई स्कूल, प्रताप नगर, दभोई रोड, वडोदरा, गुजरात-390004

### संक्षिप्त विवरण

यह कम बजट वाला पर्यावरण के अनुकूल सौर चक्र, सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है जिसे बैटरी में संग्रहित किया जाता है। बैटरी का उपयोग करते हुए डी.सी. मोटर विद्युत ऊर्जा को गतिज ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए संचालित होती है, जो चक्र को गति देती है। अल्टरनेटर को चक्र के रिम से जोड़ने पर घूर्णी गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है और वह ऊर्जा बैटरी में संग्रहीत होती है। इसलिए, पारंपरिक करंट का उपयोग किए बिना बैटरी को दो तरह से चार्ज किया जा सकता है।

## Solar Cycle

Student : Shah Neel Pradhuman, Raval Dhruv Nareshbhai

Teacher : Santoshkumar J. Kaushik

School : Zenith High School, Pratap Nagar, Dabhoi Road, Vadodara, Gujarat-390004

### Synopsis

The low budget eco-friendly solar cycle converts solar energy into electrical energy, which is stored in a battery. Using battery, DC motor is operated to convert electrical energy into kinetic energy, which moves the cycle. On connecting alternator to the rim of the cycle, rotational kinetic energy is converted into electrical energy and that energy is stored in battery. Therefore, battery can be charged in two ways without using conventional current.

9.4.3

## संजीवनी हेलीकाप्टर

विद्यार्थी : रावल ओम सी., वाजा देवांग एन.

शिक्षक : आर.डी. हेलैया

विद्यालय : दामनगर पे सेंटर स्कूल नंबर 1, पुरानी धर्मशाला के सामने, अवेदा चौक, दामनगर लाठी, अमरेली, गुजरात-365220

### संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श को हेलीकॉप्टर में एक प्रणाली में प्रदर्शित किया गया है जो किसी भी हवाई दुर्घटना के दौरान सुरक्षा प्रदान करती है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अवधारणा पर आधारित है। प्रदर्श का उद्‍देश्य यात्रियों को लाइफ कवर के साथ सुरक्षित उतारना है। लाइफ कवर किसी कार के एयर बैग जैसी सुविधा है। लाइफ कवर में ऑक्सीजन, जी.पी.एस. और पैराशूट होते हैं।

## Sanjivani Helicopter

Student : Raval Om C., Vaja Devang N

Teacher : R.D. Helaiya

School : Damnagar Pay Center School No.1, Opp. Old Dharmshala, Aveda Chowk, Damnagar lathi, Amreli, Gujarat- 365220

### Synopsis

The exhibit demonstrates a system in a helicopter, which provides safety during any air crash. It is based on the concept of artificial intelligence. The purpose of the exhibit is to de-board and land the passengers safely with a life cover. The life cover is a facility, like air bag in a car. The life cover consists of oxygen, GPS and parachute.

10.4.1

## ड्राइविंग के दौरान नींद (झपकी आने) से सुरक्षा

विद्यार्थी : हिमांशी गोयल

शिक्षक : सुबोध खट्टर

विद्यालय : जी.जी.एस.एस.एस. जैकबपुरा, गुरुग्राम, हरियाणा-122006

### संक्षिप्त विवरण

प्रदर्श का उद्देश्य ड्राइवरों की सुरक्षा के लिए सेंसर आधारित चश्मा विकसित करना है। मॉडल प्रदर्शित करता है कि जैसे ही चालक या चौकीदार अपनी आँखें बंद करता है, बजर स्वतः ही शोर करेगा जिससे चालक या चौकीदार सचेत हो जाएगा।

## Safety from Drowsy Driving

Student : Himanshi Goyal

Teacher : Subodh Khatter

School : GGSSS Jacobpura, Gurugram, Haryana-122006

### Synopsis

The exhibit aims to develop sensor-based spectacles for the safety of drivers. The model demonstrates that as the driver or watchman closes his or her eyes, a buzzer will automatically make noise due to which the driver or watchman will become conscious.

10.4.2

# पारदर्शी ईंधन पंप

# Transparent Fuel Pump

विद्यार्थी : साहिल शर्मा

शिक्षक : राजेश कुमार

विद्यालय : जी.एस.एस.एस. अधोया, अंबाला, हरियाणा-133205

## संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श का उद्देश्य एक पारदर्शी ईंधन पंप विकसित करना है जो पारदर्शी पाइप और पारदर्शी सिलेंडर के साथ मापक पैमाने के जरिए वाहन में भरे जाने वाले ईंधन की सटीक मात्रा को प्रदर्शित करता है। इस उपकरण के माध्यम से ग्राहक को अपने वाहन में भरे गए ईंधन की सही मात्रा जानकर संतुष्टि मिलेगी।

Student : Sahil Sharma

Teacher : Rajesh Kumar

School : GSSS ADHOYA, Ambala, Haryana-133205

## Synopsis

The exhibit aims to develop a transparent fuel pump, which demonstrates the exact volume of fuel to be filled in the vehicle by providing transparent cylinder along with transparent pipe and measuring scale. Through this device a customer will get satisfaction by knowing the exact volume of the fuel filled in their vehicle.

## 10.4.3

## सीढ़ी चढ़ने का विलगनीय यंत्र

विद्यार्थी : अमरिंदर सिंह

शिक्षक : कमल किशोर अरोड़ा

विद्यालय : ए.एम.एस.एस.एस. झिरी, सिरसा, हरियाणा-125078

### संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को आरामदायक और स्वतंत्र बनाने के लिए एक उपकरण विकसित करना है। व्हीलचेयर से जुड़ा यह उपकरण दिव्यांग व्यक्ति को बिना किसी मदद के सीढ़ियों पर चढ़ने की अनुमति देता है।

## Detachable Stair Climbing Device

Student : Amrinder Singh

Teacher : Kamal Kishore Arora

School : AMSSS JHIRI, Sirsa, Haryana-125078

### Synopsis

The exhibit aims to develop a device for handicapped persons for making their life comfortable and independent. This device when attached to the wheelchair allows the disabled person to climb stairs without any help.

13.4.1

# ब्लाइंड कर्व डिटेक्शन सिस्टम

विद्यार्थी : महिद रफीक

विद्यालय : गवर्नमेंट बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल, श्रीगुफवाड़ा, अनंतनाग, कश्मीर

## संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श का उद्देश्य एक ऐसा मॉडल विकसित करना है जो तीखे मोड़ पर दुर्घटनाओं को रोकता है। इसमें एक सौर ऊर्जा सेंसर और तीखे मोड़ के दोनों किनारों पर लाल बत्ती होती है जो सड़कों के तीखे मोड़ों के दोनों ओर वाहन की उपस्थिति की सूचना देती है। यह वाहन चालकों को सचेत करता है और सड़कों के तीखे मोड़ पर दुर्घटनाओं को रोकता है।

# Blind Curve Detection System

Student : Mahid Rafiq

School : Govt. Boys Higher Secondary School Srigufwara, Anantnag, Kashmir

## Synopsis

The exhibit aims to develop a model that prevents accidents at sharp turns. It consists of a solar energy sensor and red lights on both the sides of sharp turns that alarms the presence of a vehicle on either side of the sharp turns of the roads. This alerts the vehicle drivers and prevents accidents at the blind curves of the roads.

13.4.2

## सेब के बक्सों/गैस सिलेंडर ले जाने के लिए बैटरी से चलने वाली ट्रॉली

विद्यार्थी : ज़ैद जाविद

शिक्षक : मुहसीन अहमद मलिक

विद्यालय : गवर्नमेंट मिडिल स्कूल किलोरा, शोपियां, कश्मीर

### संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श का उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल कम लागत वाली बैटरी संचालित ट्रॉली विकसित करना है जो बिना किसी नुकसान के सेब के बक्सों और सिलेंडर को ऊँची जगहों तक ले जाने में मदद कर सकती है।

## Battery-operated Trolley for Carrying Apple Boxes/ Gas Cylinders

Student : Zaid Javid

Teacher : Muhsin Ahmad Malik

School : Govt. Middle School Killora, Shopian, Kashmir

### Synopsis

The exhibit aims to develop low-cost environment friendly battery-operated trolley that can help in carrying apple boxes/gas cylinders to the domes without any damage.

18.4.1

# जीवन रक्षक छड़ी | *Life Saving Stick*

विद्यार्थी : समीरकिसन गावित

विद्यालय : माध्यमिक आश्रम स्कूल,
पांघरान, नवापुर, नंदुरबार, महाराष्ट्र-425417

## संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्श का मुख्य उद्देश्य रात में घूमते समय किसानों को साँप के काटने से बचाना है। यह छड़ी चलते समय कंपन पैदा करती है ताकि छड़ी पकड़ने वाले व्यक्ति के करीब साँप न आएँ। यह कम लागत वाली सामग्रियों से बनी है। इसे सोलर पैनल का इस्तेमाल कर चार्ज किया जा सकता है। यह स्टिक खोखली है और इसका उपयोग टेस्टर, टॉर्च और दवाओं जैसी चीज़ों को रखने के लिए किया जा सकता है।

Student : Sameerkisan Gavit

School : Madhyamic Ashram School,
Pangharan, Navapur, Nandurbar,
Maharashtra-425417

## *Synopsis*

The main purpose of this exhibit is to save farmers from snake bite while roaming at night. This stick produces vibrations while walking so that snakes do not come closer to the person who is holding the stick. It is made up of low-cost material. It can be charged using a solar panel. This stick is hollow and can be used to store things, such as tester, torch and medicines.

18.4.2

## दुर्घटना रोधी स्वचालित सौर रोबोट वाहन (एस.ए.ए. आर.वी.)

विद्यार्थी : सर्वेश नंदू भरनुके

विद्यालय : एस.एस. हाई स्कूल, सेकेंडरी इंग्लिश नेरुल, वार्ड नंबर-67, ठाणे, महाराष्ट्र-400706

### संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्शनी के पीछे मुख्य विचार सड़क दुर्घटनाओं, सिग्नल नियमों को तोड़ना, आपातकाल के दौरान यातायात की समस्या और वाहन चोरी की समस्या से बचना है। यह एक पर्यावरण के अनुकूल सॉफ्टवेयर आधारित मॉडल है जो सौर ऊर्जा पर काम करता है। इसे इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह बाधाओं का पता लगा सकता है और इसलिए दुर्घटनाओं से बच सकता है। यह सड़क के साथ-साथ पानी पर भी समुलित दिशाओं में काम कर सकता है। यह लाल सिग्नल पर वाहन को स्वचालित रूप से रोकता है। आपातकाल के दौरान, वाहन कुछ ऊँचाई तक ऊपर उठ जाता है और यातायात के ऊपर से चलता है।

## *Solar Anti-Accidental Automatized Robotic Vehicle (SAARV)*

Student : Sarvesh Nandu Bharnuke

School : S.S. High School, Secondary English Nerul, Ward No.-67, Thane, Maharashtra-400706

### *Synopsis*

The main idea behind this exhibit is to avoid road accidents, breaking of signal rules, traffic problems during emergency and vehicle theft problem. It is an eco-friendly software-based model that works on solar energy. It is designed in such a way that it can detect obstacles and hence avoid accidents. It can work on road as well as on water with proper directions. It stops the vehicle while on red signal automatically. During emergency, the vehicle lifts to a certain height and runs over traffic.

20.4.1

# पहाड़ी क्षेत्र के लिए सेंसर आधारित दुर्घटना निवारण प्रणाली

विद्यार्थी : आशिका आर. मराक

शिक्षक : जेशमा सुल्ताना

विद्यालय : सेंट फ्रांसिस डी सेल्स सेकेंडरी स्कूल, नोंगलबिब्रा, साउथ गारो हिल्स, मेघालय-794107

## संक्षिप्त विवरण

प्रदर्श का उद्देश्य पहाड़ी क्षेत्रों के लिए सेंसर आधारित दुर्घटना निवारण प्रणाली विकसित करना है। इस मॉडल में एल.ई.डी. लाइट्स को नियंत्रित करने वाला अल्ट्रासोनिक सेंसर पहाड़ों के दोनों ओर वाहनों को हरे और लाल सिग्नल प्रदान कर सकता है। इससे वाहन चालक सतर्क रहेंगे और दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी।

# Sensor-based Accident Prevention System for Hilly Region

Student : Ashika R. Marak

Teacher : Jeshma Sultana

School : St. Francis De Sales Secondary School, Nongalbibra, South Garo Hills, Meghalaya-794107

## Synopsis

The exhibit aims to develop a sensor-based accident prevention system for hilly regions. In this model, the ultrasonic sensor controlling the LED lights can provide green and red signals to the vehicles on both the sides of the mountains. This will make drivers of the vehicle alert and will help in prevent accidents.

23.4.1

## स्वनियंत्रित दुर्घटना उपकरण

## Accident Auto Control Device

विद्यार्थी : प्रत्यूष महापात्रा

शिक्षक : अनिल कुमार सतपथी

विद्यालय : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, अरबिंदा नगर, कोरापुट, ओडिशा

### संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्श हिल स्टेशनों की सुरक्षित यात्रा के लिए एक उपकरण प्रदर्शित करता है। यह मॉडल आई.आर. सेंसर, ऑर्डिनो बोर्ड और ब्लूटूथ पर आधारित है। जब वाहन एक दिशा से आ रहा होता है, तो आई.आर. सेंसर को पता चलता है कि वाहन आ रहा है और अलर्ट सिग्नल विपरीत दिशा के वाहन को भेजा जाता है।

Student : Pratyush Mahapatra

Teacher : Anil Kumar Satapathy

School : Sarswati Sishu Vidya Mandira, Aurobinda Nagar, Koraput, Odisha

### Synopsis

The exhibit demonstrates a device for safe and secure journey while travelling to hill stations. This model is based on IR sensors, aurdino board and bluetooth. When the vehicle is approaching from one direction, the IR sensors sense that a vehicle is coming and the alert signal is sent to the opposite side vehicle.

25.4.1

# सड़क दुर्घटनाएँ — समस्याएँ और उनके समाधान

# Road Accidents: Problems and their Solutions

विद्यार्थी : अरिहंत

शिक्षक : सतीश कुमार

विद्यालय : रा.उ.मा.वि. मंडली, कल्याणपुर, बाड़मेर राजस्थान-344026

## संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्श सड़क दुर्घटनाओं की विभिन्न स्थितियों को रोकने के लिए उपाय प्रस्तुत करता है जैसे, सड़क डिवाइडर के स्थान पर रोलिंग पोल, सड़क दुर्घटना के घायलों को ले जाने वाली एम्बुलेंस की त्वरित पहुँच के लिए अस्पताल से सीधे जुड़ा एक पुल, ट्रैफिक लाइट सिस्टम, रात में राजमार्गों पर रोशनियों के लिए सेंसर-आधारित स्विचिंग, सिंगल लेन पहाड़ी सड़कों पर रेड सिग्नल लाइट, जानवरों के सींगों पर रेडियम बैंड।

Student : Arihant

Teacher : Satish Kumar

School : GSSS Mandli, Kalyanpur, Barmer Rajasthan-344026

## Synopsis

This exhibit presents ideas for preventing various situations for road accidents, such as rolling poles in place of road dividers, a bridge connected directly to the hospital for quick movement of ambulance carrying a road accident patient, traffic light system, sensor-based switching on of lights on highways at night, red signal light on single lane hill roads, radium bands on animal horns.

26.4.1

## अल्कोहल डिटेक्शन डिवाइस — दुर्घटनाओं की रोकथाम

विद्यार्थी : संदीप गुरुंग, गण माया राय

शिक्षक : दीकी ओंग्मु भूटिया

विद्यालय : माचोंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, माचोंग, सिक्किम-737103

### संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल एक अल्कोहल डिटेंशन डिवाइस को प्रदर्शित करता है जो शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण होने वाली कई दुर्घटनाओं को रोक सकता है। इस अल्कोहल सेंसर को वाहन के स्टीयरिंग व्हील से जोड़ा जा सकता है। जब सेंसर को शराब का आभास होता है, तो यह बजर को ध्वनि उत्पन्न करने का संकेत देता है और स्वचालित रूप से सभी मोटर भागों को बंद कर देता है और वाहन आगे नहीं बढ़ सकता है।

## Alcohol Detection Device: Prevention of Accidents

Student : Sandeep Gurung, Gana Maya Rai

Teacher : Deeki Ongmu Bhutia

School : Machong Sr. Sec. School, Machong, Sikkim-737103

### Synopsis

The model demonstrates an alcohol detection device, which can prevent many accidents caused due to drink and drive. This alcohol sensor can be attached to the steering wheel of the vehicle. As the sensor senses alcohol, it gives signal to the buzzer to produce a sound and automatically stop all the motor parts and the vehicle will not be able to move.

28.4.1

## बहुउद्देश्यीय सीढ़ी चढ़ने की ट्रॉली

## Multipurpose Stair Climbing Trolley

विद्यार्थी : सी.एच. वैष्णवी

शिक्षक : सी.एच. सुधाकर

विद्यालय : जेड.पी.एच.एस., कोठापल्ली, गंभीरावपेट, राजन्ना सिरिसिला, तेलंगाना-505304

### संक्षिप्त विवरण

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य सीढ़ियों पर भार ले जाते समय मानव प्रयास को कम करना है। इस मॉडल में तीन पहियों की व्यवस्था है। यह एक साधारण मशीन है जिसका उपयोग सिलेंडर, चावल की थैलियाँ, पानी की बोतलें और रोगियों के परिवहन के लिए किया जा सकता है।

Student : CH. Vaishnavi

Teacher : CH. Sudhakar

School : ZPHS, Kothapally, Gambhiraopet, Rajanna Siricilla, Telangana-505304

### Synopsis

The idea behind this exhibit is to reduce human effort while carrying load over stairs. In this model, there is a set of three-wheels arrangement. This is a simple machine, which can be used for transportation of cylinders, rice bags, water bottles and patients.

# 36.4.1

## दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों हेतु माइक्रोकंट्रोलर आधारित सुरक्षा डिवाइस


विद्यार्थी : अनीशा, मेहर खातून

शिक्षक : सुशीला

विद्यालय : एस.के.वी. ढाका, विशाल मार्केट के सामने, ढाका चौक, नयी दिल्ली-110009


### संक्षिप्त विवरण


इस कार्यकारी मॉडल में माइक्रोकंट्रोलर आधारित अल्ट्रासोनिक सेंसर का उपयोग करके दुर्घटनाओं को रोकने का विचार प्रस्तुत किया गया है। अल्ट्रासोनिक सेंसर किसी वस्तु की दूरी निर्धारित करने के लिए सोनार का उपयोग करता है। यह सेंसर प्रतिध्वनि के सिद्धांत पर काम करता है। इस मॉडल का उपयोग ए.जी.वी. (स्वचालित निर्देशित वाहन) उद्योगों में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए किया जा सकता है।


## *Microcontroller-based Safety Device for Vehicles to Prevent Accidents*


Student : Anisha, Mehar Khatun

Teacher : Sushila

School : SKV Dhakka, Opp. Vishal Market, Dhakka Chowk, New Delhi-110009


### *Synopsis*


This working model presents the idea of preventing accidents by using microcontroller-based ultrasonic sensor. The ultrasonic sensor uses sonar to determine the distance of an object. This sensor works on the principle of echo. This model can be used for supply chain management in AGV (Automatic-guided vehicle) industries.

36.4.2

# हाइब्रिड बाइक

विद्यार्थी : हर्ष, गंगेश

विद्यालय : गवर्नमेंट सर्वोदय को-एड विद्यालय, दिचाओं कलां, नयी दिल्ली-110043

## संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्श एक हाइब्रिड बाइक प्रस्तुत करता है जो पेट्रोल के साथ-साथ सौर ऊर्जा से भी चल सकती है। यह सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने के सिद्धांत पर काम करती है। इसमें सस्ती लीथियम आयन बैटरी है जो सौर ऊर्जा के माध्यम से चार्ज होती है। इसमें ब्रशलेस डी.सी. मोटर भी है जिसके लिए कम रख-रखाव की आवश्यकता होती है। इस बाइक में पेट्रोल इंजन को बैकअप के तौर पर भी फिट किया गया है ताकि यदि इलेक्ट्रिकल इंजन काम नहीं करता है, तो पेट्रोल इंजन के ज़रिए सवारी की जा सकती है।

# Hybrid Bike

Student : Harsh, Gangesh

School : Government Sarvodaya CO-ED Vidyalaya, Dichaon Kalan, New Delhi-110043

## Synopsis

This exhibit presents a hybrid bike that can be run by petrol as well as solar energy. It works on the principle of conversion of solar energy into electrical energy. It contains affordable lithium-ion battery, which gets charged through solar energy. It also has a brushless DC motor that requires less maintenance. In this bike, petrol engine is also fitted as a backup if in case electrical engine does not work then one can ride through petrol engine.

37.4.1

## संधारणीय खिलौने

विद्यार्थी : आसना एच. अशरफ

शिक्षक : सबीरा आर.बी.

विद्यालय : गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मिनिकॉय, लक्षद्वीप-682559

### संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्श हस्तनिर्मित आर्गेनिक खिलौने प्रस्तुत करता है जैसे कोक्टल, इको फ्रेंडली हाउस, होवे नेगुन, फुना ओ गुनुन आदि, जो कम कीमत पर उपलब्ध होंगे। इस परियोजना के पीछे उद्योगों में अस्वास्थ्यकर विनिर्माण प्रथाओं को नियंत्रित करके संस्कृति को प्रतिबिंबित करने वाले पारंपरिक खिलौनों को डिज़ाइन करना तथा प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों को नकार कर प्रदूषण मुक्त दुनिया बनाना है।

## Sustainable Toys

Student : Asnaa H. Ashraf

Teacher : Sabeera R.B.

School : Government Senior Secondary School, Minicoy, Lakshadweep-682559

### Synopsis

This exhibit presents handmade organic toys like Coctle, eco-friendly house, Hovae Negun, Funa o Gunun, etc., which will be available at low cost. Intention behind this project is to design traditional toys to reflect the culture by controlling unhealthy manufacturing practices at industry and to create a pollution free world by rejecting plastic and electronic toys.

41.4.1

# लाइट सेफ

विद्यार्थी : प्रथमेश साहू, जनमेजय भोई, मनीष

शिक्षक : देवी प्रसाद मिश्रा

विद्यालय : प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, आर.आई.ई., भुवनेश्वर, ओडिशा

## संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्श, विशेष रूप से रात के समय, सड़क पर वाहनों की सुरक्षा के लिए एक उपकरण प्रदर्शित करता है। यह मॉडल एल.डी.आर. के माध्यम से प्रकाश का पता लगाने के सिद्धांत पर आधारित है और यह सुनिश्चित करता है कि आने वाले वाहन से प्रकाश का पता चलने पर कार लो बीम पर स्विच हो जाए। यह ड्राइवरों को ठीक से देखने में मदद करता है और दुर्घटना को रोकता है।

# Light Safe

Student : Prathamesh Sahu, Janmejaya Bhoi, Manish

Teacher : Devi Prasad Mishra

School : Demonstration Multipurpose School, RIE, Bhubaneswar, Odisha

## Synopsis

The exhibit demonstrates a device for safety of vehicles on road, especially, during night time. This model is based on the principle of detecting light through LDR and it makes sure that a car switches to low beam, when light from an incoming vehicle is detected. This helps drivers to see properly and prevents accident.

41.4.2

## वाहन में शराब पीकर बैठे व्यक्ति से संबंधित सुरक्षात्मक उपाय

विद्यार्थी : एस. कपिलेश्वर सुबुधि, सुभ्रांसु शुभंकर साहू, एसके सफीउर रहमान, बैभव महापात्रा

शिक्षक : डी.पी. मिश्रा, सस्मिता बिस्वाल

विद्यालय : प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, आर.आई.ई., भुवनेश्वर, ओडिशा

### संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल एक अल्कोहल डिटेक्शन डिवाइस प्रदर्शित करता है जो शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण होने वाली कई दुर्घटनाओं को रोक सकता है। इंफ्रारेड आधारित अल्कोहल सेंसर अल्कोहल को महसूस करता है और बजर को ध्वनि उत्पन्न करने का संकेत देता है, जो स्वचालित रूप से वाहन को रोक देता है। आवाज़ करते ही पूरे वाहन की बत्तियाँ चमकने लगती हैं और वाहन में बैठे व्यक्ति को बचाने के लिए नजदीकी पुलिस स्टेशन को आपातकालीन अलर्ट भेज दिया जाता है।

## *Preventive Measures for Drunk Person in Automobile*

Student : S. Kapileswar Subudhi, Subhransu Subhankar Sahoo, Sk Safiur Raheman, Baibhav Mohapatra,

Teacher : D.P. Mishra, Sasmita Biswal

School : Demonstration Multipurpose School, RIE, Bhubaneswar, Odisha

### *Synopsis*

The model demonstrates an alcohol detection device that can prevent many accidents caused due to drink and drive. The infrared based alcohol sensor senses the alcohol and gives signal to the buzzer to produce sound, which automatically stops the vehicle. On making sound, the entire vehicle lights start flashing and an emergency alert will be sent to the nearby police station to rescue the person sitting in the vehicle.

41.4.3

# प्रदूषण मुक्त तटीय परिवहन

# Pollution-free Coastal Surface Transport


विद्यार्थी : रुक्मा मिश्रा

शिक्षक : सस्मिता बिस्वाल

विद्यालय : प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, आर.आई.ई., भुवनेश्वर, ओडिशा


## संक्षिप्त विवरण


इस प्रदर्श का उद्देश्य एक पर्यावरण के अनुकूल विद्युत संचालित नाव विकसित करना है, जो प्रदूषण नहीं पैदा करती है। समुद्री ज्वारों की लहरों से उत्पादित बिजली समुद्र तटों के अंदर बने चार्जिंग पॉइंट्स को चलाएगी। इनका इस्तेमाल नावों की बैटरी चार्ज करने के लिए किया जाएगा।



Student : Rukma Mishra

Teacher : Sasmita Biswal

School : Demonstration Multipurpose School, RIE, Bhubaneswar, Odisha


## Synopsis


The exhibit aims to develop an eco-friendly electrically operated boat, which does not produce pollution. The electricity produced from sea waves/ tides will run the charging points built inside the sea coasts. These will be used to charge the batteries of the boats.

41.4.4

## सड़क दुर्घटना रोकथाम प्रणाली के साथ स्पीड ब्रेकर पावर जनरेटर

विद्यार्थी : तनुप्रिया, खुशी

शिक्षक : सृष्टि, गौरव

विद्यालय : डी.एम. स्कूल (आर.आई.ई.) अजमेर

### संक्षिप्त विवरण

इस कार्यकारी मॉडल में स्पीड ब्रेकर से बिजली उत्पन्न करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का विचार प्रस्तुत किया गया है। यह यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने के सिद्धांत पर आधारित है। आई. आर. सेंसर का उपयोग आर्डूइनो बोर्ड द्वारा संचालित रंग बदलने वाले एल.ई.डी. और बजर के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किया गया है।

## *Speed Breaker Power Generator with Road Accident Prevention System*

Student : Tanupriya, Khushi

Teacher : Srishtee, Gaurav

School : D.M. School (RIE) Ajmer

### *Synopsis*

This working model presents the idea to generate electric power from speed breaker and to prevent road accidents. It is based on the principle of conversion of mechanical energy into electrical energy. IR sensor is used to prevent road accidents through colour changing LED and buzzer powered by Arduino board.

41.4.5

## सड़क पर मरीजों के लिए सुविधा

विद्यार्थी : अक्षिका भारतीय, जीवेतेश मौर्य, प्रवल चंदेल, अभिनय सिंह, हनी कंसोतिया, मानसी यादव

शिक्षक : पिंकी शर्मा

विद्यालय : प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय (आर.आई.ई.), भोपाल, मध्य प्रदेश

### संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्श विपरीत दिशा से तीखे मोड़ पर आने वाले वाहनों को सतर्क करने का एक विचार प्रस्तुत करता है। यह अल्ट्रासोनिक सेंसर, बजर और एल.ई.डी. का उपयोग करने वाली एक लागत प्रभावी प्रणाली है। इससे रोगी और चिकित्सा उपकरणों को ले जा रही एम्बुलेंस द्वारा अचानक से तेज मोड़ पर ब्रेक लगाने से झटके लगने की संभावना को रोका जा सकता है। इसे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राजमार्गों, कॉलोनियों और वाणिज्यिक क्षेत्रों में तीखे मोड़ों पर भी लगाया किया जा सकता है।

## Convenience for Patients on Road

Student : Akshika Bhartiya, Jiveetesh Mourya, Praval Chandel, Abhinay Singh, Honey Kansotiya, Mansi Yadav

Teacher : Pinky Sharma

School : Demonstration Multipurpose School, (RIE), Bhopal, Madhya Pradesh

### Synopsis

This exhibit presents an idea for alerting the vehicles approaching a sharp turn from opposite sides. It is a cost-effective system using ultrasonic sensor, buzzer and LED. With this, the possibility of jerks due to sudden braking by an ambulance carrying patient and medical equipment can be prevented at sharp bends. It can also be installed at the sharp turns on highways, colonies and commercial zones to prevent accidents.

5

# पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन

# Environmental and Climate Changes

3.5.1

## कम लागत वाली लाइफ जैकेट

## Low-cost Life Jacket

विद्यार्थी : अनुश्वेता देब, पूजा रानी दासी

शिक्षक : सत्यप्रिया दास, बिभाष रॉय

विद्यालय : प्रेसिएंटिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कालीबारी पॉइंट, हैलाकांडी, असम-788151

### संक्षिप्त विवरण

प्रदर्श में इस्तेमाल की गई प्लास्टिक की बोतलों और अन्य कम लागत वाली पुन: प्रयोज्य वस्तुओं का उपयोग करके बनाई गई कम लागत वाली पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ जीवन रक्षक जैकेट को प्रदर्शित किया गया है। यह आर्कमिडीज सिद्धांत पर काम करता है। यह बाढ़ के दौरान एक जीवन रक्षक संसाधन के रूप में सिद्ध हुआ था।

Student : Anusweta Deb, Puja Rani Das

Teacher : Satyapriya Das, Bibhash Roy

School : Prescientia Senior Secondary School, Kalibari Point, Hailakandi, Assam-788151

### Synopsis

The exhibit displays the low-cost ecologically sustainable life saving jacket created using single-use plastic bottles and other low-cost reusable items. It works on Archimedes's Principle. It was proven as a life-saving resource during flood.

4.5.1

# वायु शोधक

विद्यार्थी : अंकित कुमार

शिक्षक : मनोज कुमार सिंह

विद्यालय : बिश्वेश्वर सेमिनरी इंटर कॉलेज, श्रीनंदन पथ, छपरा, बिहार-841301

## संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल आर्डूइनो आधारित प्रस्तुत करता है, जो हवा में कार्बन डाइऑक्साइड को मापता है। यंत्र की कार्य प्रणाली वायु शोधक से गुजरने से पहले और बाद वायु में कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को प्रदर्शित करना है।

# *Air Purifier*

Student : Ankit Kumar

Teacher : Manoj Kumar Singh

School : Bishweshwar Seminary Inter College, Shrinandan Path, Chapra, Bihar-841301

## *Synopsis*

The model presents an Arduino based device, which measures carbon dioxide in air. The working shows the level of carbon dioxide in air before and after passing through the air purifier.

4.5.2

## चलने/दौड़ने से चार्ज होने वाला आपातकालीन पावर बैंक

## Emergency Power Bank from Walking

विद्यार्थी : प्रांजल दास
शिक्षक : आनंद विजय
विद्यालय : होली क्रॉस स्कूल, मधेपुरा, बिहार-852113

Student : Pranjal Das
Teacher : Anand Vijay
School : Holy Cross School, Madhepura, Bihar-852113

### संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल एक पावर बैंक प्रस्तुत करता है, जिससे आपात स्थिति में मोबाइल को चार्ज किया जा सकता है। पावर बैंक को व्यक्ति के दौड़ने और चलने से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा से चार्ज किया जा सकता है और फिर पावर बैंक में संग्रहीत इस ऊर्जा का उपयोग मोबाइल फोन को चार्ज करने के लिए किया जा सकता है।

### Synopsis

The model presents a power bank, which can provide charge to mobiles during emergency. The power bank can be charged while a person is running or walking and the stored energy can further be utilised to charge the mobile phone.

8.5.1

## वायु प्रदूषण डिटेक्टर

## Air Pollution Detector

विद्यार्थी : विघ्नेश नौसो शेट्टी

शिक्षक : मिलन पाटिल

विद्यालय : डॉ. के.बी. हेडगेवार विद्यामंदिर, कारापुर, शंखली, गोवा-403505

Student : Vighnesh Nauso Shetye

Teacher : Milan Patil

School : Dr. K.B Hedgewar Vidyamandir, Karapur, Shankhali, Goa-403505

### संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल एक उपकरण है जो हवा की गुणवत्ता का पता लगाता है और उसे रिपोर्ट करता है। इस मॉडल में प्रदूषण (धुआँ) का पता लगाने के लिए एम.क्यू.3 सेंसर का इस्तेमाल किया गया है और इसमें इंटरनेट के जरिए ई.एस.पी. 8266 बोर्ड द्वारा मोबाइल ऐप पर संदेश भेजा जाता है। यह उपकरण जनता को सतर्क करने के लिए अलार्म सायरन से भी लैस है। प्राप्त जानकारी का उपयोग करते हुए, संबंधित लोगों या प्राधिकरण द्वारा उचित उपाय किए जा सकते हैं। इस उपकरण का लाभ यह है कि इसके माध्यम से वायु प्रदूषण का पता लगाना त्वरित, विश्वसनीय और सटीक है।

### Synopsis

The model is a device that detects and reports air. In this model, MQ3 sensor have been used to detect the pollution (smoke) and the message is sent to the mobile app by ESP8266 board through the Internet. The device is also equipped with an alarm siren to alert the public. Using the information received, appropriate measures can be taken by the concerned people or authority. The advantage of this device is that the detection of air pollution is quick, reliable and accurate.

9.5.1

## ए.टी.एफ. तकनीकी

## ATF Technology

विद्यार्थी : पटेल निखिल एस., पटेल ध्रुव आर.
शिक्षक : मयूरीबेन जे. पटेल, जिग्नाशाबेन आर. पटेल
विद्यालय : श्री बी.एल. पटेल सर्व विद्यामंदिर, रंकुवा, चिखली, नवसारी, गुजरात-396560

Student : Patel Nikhil S., Patel Dhruv R.
Teacher : Mayuriben J. Patel, Jignashaben R Patel
School : Shree B.L. Patel Sarv Vidhyamandir, Rankuva, Chikhli, Navsari, Gujarat-396560

### संक्षिप्त विवरण

इस मॉडल का उद्देश्य वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने करते हुए मदद में पृथ्वी के तापमान को कम करके ऊर्जा के संकट को कुछ हद तक हल करने का तरीका सुझाना है। इसमें शामिल वैज्ञानिक सिद्धांत यांत्रिक ऊर्जा का रासायनिक ऊर्जा में संरक्षण और विद्युत ऊर्जा का रासायनिक ऊर्जा में संरक्षण हैं। इस मॉडल में संग्राहक कक्ष, सक्रियण कक्ष, इलेक्ट्रोलिसिस कक्ष और प्रतिक्रिया कक्ष नाम के चार कक्ष हैं। प्रतिक्रिया कक्ष में सक्रिय कार्बन डाइऑक्साइड, जो क्रमिक उपचार के बाद प्राप्त होती है, हाइड्रोजन के साथ मिश्रित होती है और उत्प्रेरक की उपस्थिति में ईंधन में परिवर्तित हो जाती है।

### Synopsis

The model aims to suggest the way to solve the crisis of energy to some extent by reducing the earth's temperature by reducing emission of greenhouse gases in the atmosphere. The scientific principle involved are conversion of mechanical energy into chemical energy and conversion of electrical energy into chemical energy. The model has four chambers — as collector chamber, activation chamber, electrolysis chamber and reaction chamber. In reaction chamber the activated carbon dioxide obtained after successive treatment mixes with hydrogen and gets converted into fuel in the presence of a catalyst.

9.5.2

## जल संचयन के साथ जल सोखने वाली सड़क

विद्यार्थी : धमेलिया, पिशुन. पी, दाखरा, सुजल. सी

शिक्षक : परेशभाई लठिया, विपुलभाई रमानी

विद्यालय : आशादीप उच्चता माध्यमिक शाला, बी.आर.टी.एस. रोड, सीमाड़ा नाका, वराछा रोड, सूरत, गुजरात-395006

### संक्षिप्त विवरण

इस मॉडल को आधुनिकीकरण के प्रभाव के रूप में परिवहन के बढ़ते उपयोग और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति के कारण पैदा हुए मुद्दों को संबोधित करने के लिए विकसित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाएँ, वाहनों की क्षति और ट्रैफिक जाम के कारण समय का कुप्रबंधन होता है। इसके साथ ही यह भूजल के स्तर को बढ़ाने के उपाय भी सुझाता है। मॉडल जल संचयन के प्रबंधों के साथ जल सोखने वाली सड़क बनाने के लिए टिकाऊ और लागत प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है।

## Water Absorbing Road with Water Harvesting

Student : Dhamelia, Pishun. P, Dakhra, Sujal. C

Teacher : Pareshbhai Lathiya, Vipulbhai Ramani

School : Ashadeep Ucchataa Madhyamik Shala, BRTS Road, Simada Naka, Varachha Road, Surat, Gujarat-395006

### Synopsis

This model has been developed to address the issues due to increasing use of transport as an effect of modernisation and the situation of roads in the areas affected by flood, which results into road accidents, damage of vehicles and mismanagement of time due to traffic jams. In addition to this, it suggests the way to increase the level of ground water. The model presents a durable and cost-effective solution for making water absorbing road with the provision of water harvesting.

9.5.3

# डिजिटल एग्रोटेक के साथ गणितीय दृष्टिकोण

विद्यार्थी : सोलिया हस्ती नितिनभाई, कवथिया पूर्विशा नितिनभाई

शिक्षक : कवथिया योगेशभाई माकनभाई

विद्यालय : श्री खजूरी प्राइमरी स्कूल, खजूरी, कुंकवाव, अमरेली, गुजरात-365480

## संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल कृषि समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है। इसका उद्देश्य खेती को आसान बनाने, फसल उत्पादन में वृद्धि, पानी और बिजली की कम खपत, मानव शक्ति की आवश्यकता को कम करने और फसल उत्पादन में वृद्धि के तरीके सुझाना है। यह इलेक्ट्रॉनिक संचार और गणितीय कार्य की सहायता से सिंचाई और कटाई प्रणाली को प्रदर्शित करता है।

# Mathematical Approach with Digital Agrotech

Student : Soliya Hasti Nitinbhai, Kavathiya Purvisha Nitinbhai

Teacher : Kavathiya Yogeshbhai Makanbhai

School : Shree Khajuri Primary School, Khajuri, Kunkavav, Amreli Gujarat-365480

## Synopsis

This model presents solutions to agricultural problems. It aims to suggest ways for ease of cultivation, increase crop production, consumption of less water and electricity, decrease the requirement of manpower and increase crop production. It displays irrigation and harvesting system with the help of electronic communication and mathematical work.

13.5.1

# धुएँ के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए चिमनी बनाना

# Making a Chimney for Controlling Smoke Pollution

विद्यार्थी : मुंतज़िरा मंज़ूर
शिक्षक : शौकत अहमद बाबा
विद्यालय : गवर्नमेंट बॉयज हाई स्कूल, पुचल, पुलवामा, कश्मीर

Student : Muntazira Manzoor
Teacher : Showkat Ahmad Baba
School : Govt. Boys High School, Puchal, Pulwama, Kashmir

## संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल इलेक्ट्रोस्टैटिक अवक्षेपक का उपयोग करके वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक समाधान प्रदान करता है। ईंधन के जलने के दौरान उत्पन्न धुएँ में आवेशित कण होते हैं। जब इन कणों को संधारित्र के माध्यम से पारित किया जाता है, तो वे संधारित्र की प्लेटों की ओर आकर्षित होते हैं। इस मॉडल में, चिमनी एक इलेक्ट्रोस्टैटिक अवक्षेपक के रूप में कार्य करती है। जब चिमनी पर उच्च वोल्टेज और उसके केंद्र में एक धातु की छड़ लगाई जाती है, तो धुएँ के सभी आवेशित कण चिमनी की दीवारों से चिपक जाते हैं, जिससे वायु प्रदूषण से बचा जा सकता है।

## Synopsis

This model provides a solution to control air pollution using an electrostatic precipitator. The smoke produced during the burning of fuels contains charged particles. When these particles are passed through a capacitor, they get attracted to the plates of the capacitor. In this model, the chimney acts as an electrostatic precipitator. When high voltage is applied to the chimney and a metal rod at its center, all the charged particles of the smoke stick to the chimney's walls, thereby preventing air pollution.

13.5.2

## बहुउद्देशीय किसान आत्मनिर्भर यंत्र

विद्यार्थी : सोबिया अनीक वीनस

शिक्षक : वसीम अहमद भट्ट

विद्यालय : जी.एच.एस.एस. यारीपोरा, कुलगाम, कश्मीर

### संक्षिप्त विवरण

यह एक ऐसा मॉडल है जिसमें सौर ऊर्जा का उपयोग विभिन्न कामों को करने जैसे टिड्डियों, पक्षियों आदि को भगाने के लिए ड्रम बजाकर आवाज़ करने, पानी उठाने, ओसाई करने, थ्रैशिंग, पराली काटने आदि के लिए किया गया है। इस तरह के अनुप्रयोग से न केवल कृषि संकट कम होगा, बल्कि शून्य प्रदूषण के साथ लागत प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल भी होगा।

## *Multipurpose Agriculture Self-Reliant Equipment*

Student : Sobiya Aneeq Venus

Teacher : Waseem Ahmad Bhat

School : GHSS Yaripora, Kulgam, Kashmir

### *Synopsis*

It is a model in which solar energy has been used to achieve various purposes, such as producing sound by striking the drum to drive away locusts, birds, etc., lifting water, winnowing, threshing, cutting stubble, etc. Such application will not only reduce agrarian distress but is also cost-effective and eco-friendly with zero pollution.

17.5.1

# बाढ़ चेतावनी प्रणाली

विद्यार्थी : शशांक राजपूत

शिक्षक : अभिराम सिंह

विद्यालय : शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. सेवढ़ा, दतिया, ग्वालियर, मध्य प्रदेश

## संक्षिप्त विवरण

यह प्रदर्श बाढ़ चेतावनी प्रणाली प्रदर्शित करता है, जो उन क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति का अनुमान लगाने में सहायक हो सकता है, जहाँ बाढ़ की पूर्व सूचना उपलब्ध नहीं है। यह प्रभावित क्षेत्र में एहतियाती उपाय करने के लिए उपयोगी होगा।

# Flood Alerting System

Student : Shashank Rajput

Teacher : Abhiram Singh

School : Government Excellence U.M.V. Sevadha, Datia, Gwalior, Madhya Pradesh

## Synopsis

The exhibit displays the flood alert system, which may be helpful to predict the situation of flood in those regions where prior information of flood is not available. This will be useful to take precautionary measures in the affected area.

## 19.5.1

## फौहम (सौर ओसाई मशीन)

विद्यार्थी : सौबम विवेकानंद सिंह

शिक्षक : एस. बीरेन सिंह

विद्यालय : ब्रिलियंट एकेडमी, थौबल मेलाग्राउंड, मणिपुर-795138

### संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल एक प्रोटोटाइप है, जो एक कम लागत, आसान असेंबलिंग और 40 वाट से 100 वाट के सोलर पैनल पर काम करने वाली ओसाई मशीन के कामकाज का प्रतिनिधित्व करती है। ये एक घंटे में 500 किलो ओसाई करती है। इसे धूप न होने पर हाथ से भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस मशीन का लाभ यह है कि यह पारंपरिक ओसाई मशीन की तरह धूल-धूसरित होने से लगभग मुक्त है।

## Phouhum (Solar Winnowing Machine)

Student : Soubam Vivekananda Singh

Teacher : S. Biren Singh

School : Brilliant Academy, Thoubal Melaground, Manipur-795138

### Synopsis

The model is a prototype to represent working of winnowing machine which is low-cost, easy to assemble and work on 40 watt to 100 watt sloar panel. It can winnow 500 kg per hour and can also be used manually if there is no sunshine. The advantage of this machine is that it is produces minimal like a traditional winnowing machine.

19.5.2

## कृत्रिम हरित श्वासकोश

विद्यार्थी : ओइनम अयिंगबी देवी

शिक्षक : केएच. निरोजलता देवी

विद्यालय : इबोटोंसाना गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, इंफाल वेस्ट, मणिपुर-795113

### संक्षिप्त विवरण

यह मॉडल चूने के पानी के साथ कार्बन डाइऑक्साइड गैस की उदासीनीकरण क्रिया पर आधारित है। कैल्शियम कार्बोनेट बनने के कारण चूने का पानी दूधिया हो जाता है जो दर्शाता है कि हवा के कार्बन डाइऑक्साइड को चूने के पानी द्वारा अवशोषित किया जाता है और यह क्रिया कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता कम करने में सहायता करती है और इसलिए ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति में योगदान के लिए सहायक हो सकती है।

## Artificial Green Lung

Student : Oinam Ayingbi Devi

Teacher : KH. Nirojlata Devi

School : Ibotonsana Girls Higher Secondary School, Imphal West, Manipur-795113

### Synopsis

